


RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 204 | कुशीनगर | बुधवार 26 मई, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये



## काशी में ड्रोन से होगी गंगा की निगरानी

# बहाए शव तो पकड़े जाएंगे

## सीएम की मौजूदगी में शुरू हुई पहरेदारी की नई व्यवस्था

वाराणसी/मिर्जापुर,(एजेंसी)। कोरोना संकट काल में वाराणसी में गंगा नदी में शवों को प्रवाहित करने से रोकने के लिए प्रशासन ने एक और कदम बढ़ाया है। अब यहां गंगा की निगरानी अब ड्रोन से होगी। – क्ंपदपा ठींत कोरोना संकट काल में वाराणसी में गंगा नदी में शवों को प्रवाहित करने से रोकने के लिए प्रशासन ने एक और कदम बढ़ाया है। अब यहां गंगा की निगरानी अब ड्रोन से होगी। कोरोना काल में वाराणसी में गंगा नदी में शवों को प्रवाहित करने से रोकने के लिए प्रशासन ने नया फैसला किया है। अब यहां गंगा की निगरानी ड्रोन से होगी। इससे गंगा में शव बहाने वाले पकड़े जाएंगे। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में ड्रोन कैमरे से गंगा की निगरानी की व्यवस्था का शुभारंभ किया। इसका संचालन सिगरा स्थित कोविड कंट्रोल रूम से होगा। इसके साथ ही कंट्रोल रूम को लगातार रिपोर्ट भेजी जाएगी।वहीं, ड्रोन की मदद से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजर के छिड़काव के साथ ही सफाई व्यवस्था का समय–समय पर निरीक्षण भी किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा 4 ड्रोन मंगाए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों



गंगा में बहाए गए शवों को लेकर काफी बवाल मचा था। इसके बाद प्रशासन ने ड्रोन से निगरानी का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को वाराणसी पहुंचे थे। दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कोरोना वैक्सीनेशन की हकीकत देखी। वैक्सीन का पहला डोज लगवा रही सोनी कुमारी और सौरभ शर्मा से मुख्यमंत्री ने बात भी की। सीएम ने पूछा, वैक्सीनेशन कराने में उन्हें कोई परेशानी तो नहीं हुई? जवाब में सोनी और सौरभ ने बताया कि वैक्सीनेशन कराने के लिए कल ही उन्होंने स्लॉट बुक किया था और आज की तारीख उन्हें मिली थी। मुख्यमंत्री के पूछने पर दोनों ने बताया कि उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भी वैक्सीनेशन करा लिया है। जनप्रतिनिधि सस्ते गल्ले की दुकान और वैक्सीनेशन खुद देखें मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। कहा, खाद्यान्न के वितरण में किसी को कोई दिक्कत न हो। इसके लिए अपने दो–दो लोगों को राशन की दुकानों पर तैनात कर उनकी उपस्थिति में वितरण कराएं। इसके अलावा वैक्सीनेशन सेंटरों पर भी अपने दो–दो लोगों को लगा कर काम को कराएं। जनप्रतिनिधि भी वैक्सीनेशन सेंटर पर स्वयं जाकर देखें कि कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है। इस दौरान मंत्री अनिल राजभर, मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी, मंत्री रविंद्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, कमिश्नर दीपक अग्रवाल और जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। काशी विश्वनाथ के दर्शन–पूजन कर बांटी राशन किट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की रात श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन कर प्रदेशवासियों के निरोग रहने और महामारी से निजात मिलने की कामना की। मंदिर के अर्चक द्वारा बाबा का विधि विधान से षोडशोपचार पूजन कराया गया। इस दौरान उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ धाम के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर उसकी अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का 53 प्रतिशत काम हुआ पूरा दर्शन–पूजन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में लगे कॉरिडोर के मैप पर भवनों के निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि 53 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि कोविड काल में लगभग 20 लाख रुपए की दवा व उपकरण की सप्लाई की गई है और लगभग 500 परिवारों को राशन का किट वितरित किया गया है।

### काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का 53 प्रतिशत काम हुआ पूरा

दर्शन–पूजन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में लगे कॉरिडोर के मैप पर भवनों के निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि 53 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि कोविड काल में लगभग 20 लाख रुपए की दवा व उपकरण की सप्लाई की गई है और लगभग 500 परिवारों को राशन का किट वितरित किया गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री मंदिर चौक परिसर गए और जरूरतमंदों व निषाद परिवारों को राशन किट वितरित किए। मंदिर प्रशासन की ओर से बताया गया कि निषाद परिवारों को कोरोना कर्फ्यू के दौरान राहत सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, उसी का आज मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक वितरण किया है।



आज वैशाख पूर्णिमा है और इसी दिन इस साल का पहला चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि पर यानी 26 मई, बुधवार के दिन दोपहर 2 बजकर 17 मिनट से चंद्रग्रहण शुरू हो जाएगा। यह चंद्रग्रहण वृश्चिक राशि में और अनुराधा नक्षत्र में लगेगा। इस चंद्र ग्रहण के बाद दूसरा और आखिरी चंद्रग्रहण 19 नवंबर को लगेगा।

## अखिलेश यादव की योगी सरकार से अपील, कहा– पहले बच्चों को लगे टीका, फिर हो परीक्षा

लखनऊ,(एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) ने संबंधित सभी छात्रों का कोविड टीकाकरण होने के बाद ही माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) की परीक्षाएं कराने की मांग दोहराई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को लेकर एक बार फिर बयान दिया है। उन्होंने एक ट्वीट कर कहा पहले टीका, फिर परीक्षा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश इससे पहले भी योगी आदित्यनाथ सरकार से मांग कर चुके हैं कि पहले यूपी बोर्ड के सभी परीक्षार्थियों को टीका लगाया जाए, उसके बाद ही इम्तेहान की बात की जाए। इस बीच, सपा के विधान परिषद सदस्य उदयवीर सिंह ने भी परीक्षाओं के सिलसिले में किसी का नाम लिए बगैर एक ट्वीट में कहा बच्चे नहीं हैं आपके तो



क्या हुआ, दूसरों की चिंता समझो। पहले टीका फिर परीक्षा। छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ न करे भारत सरकार। ''नो एग्जामिनेशन विदाउट वैक्सीनेश''हैशटैग से किए गए एक अन्य ट्वीट में सिंह ने कहा समाजवादी पार्टी के लिए आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा सर्वोपरि है। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि सपा सरकार आते ही सबसे पहले छात्रों और युवाओं का पूर्ण टीकाकरण करा कर ही बोर्ड एवं विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं कराई जाएंगी। गौरतलब है कि कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के कारण स्थगित की गई इस साल की उत्ध्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा के आयोजन को लेकर राज्य सरकार अब तक कोई फैसला नहीं ले सकी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा मंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जिस तिथि को बोर्ड परीक्षा के आयोजन का सुझाव मिलेगा।

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय आंकड़ेबाजी छोड़कर राज्यों को अधिकाधिक वैक्सीन कराये उपलब्ध: गहलोत

जयपुर ,(एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को आंकड़ेबाजी छोड़कर राज्यों को अधिकाधिक वैक्सीन उपलब्ध करना सुनिश्चित करना चाहिए। गहलोत ने आज सोशल मीडिया के जरिए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यदि तीसरी लहर ने बच्चों को प्रभावित किया तो देश कभी माफ नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा हर्षवर्धन को वैक्सीन उत्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखना चाहिए था तथा इसके लिए आवश्यक हो तो कानून में बदलाव कर अन्य कंपनियों को भी वैक्सीन उत्पादन करने की अनुमति एवं प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। भारत वैक्सीन उत्पादन में दुनियाभर में सिरमौर माना जाता है। उन्होंने कहा कि 130 करोड़ आबादी वाले हमारे देश में शीघ्र ही सभी के लिए वैक्सीन का इंतजाम नहीं हुआ और कोरोना की तीसरी लहर ने बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया तो ऑक्सीजन और दवाइयों की कमी से जो स्थिति दूसरी लहर में बनी उससे कई गुना बदतर हालात तीसरी लहर में बनेंगे और हम बच्चों को बचा नहीं पायेंगे।



# 'कोविड टूलकिट' मामले पर बोले राहुल गांधी, कहा– सत्य डरता नहीं

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'कोविड टूलकिट' मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से माइक्रो–ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर के कार्यालयों पर छापा मारे जाने के एक दिन बाद मंगलवार को कहा कि सत्य डरता नहीं है। उन्होंने 'हैशटैग टूलकिट' के साथ ट्वीट किया, ''सत्य डरता नहीं।'' गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की टीम ने कथित 'कोविड टूलकिट' मामले की जांच के संबंध में ट्विटर इंडिया के दिल्ली और गुरुग्राम स्थित कार्यालयों पर सोमवार



की शाम छापा मारा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ ने कथित 'कोविड–19 टूलकिट' संबंधी शिकायत को लेकर ट्विटर को नोटिस भेजा और भाजपा नेता संबित पात्रा के ट्वीट को 'छेड़छाड़ किया हुआ' बताने को लेकर माइक्रो–ब्लॉगिंग साइट से स्पष्टीकरण मांगा था। पिछले सप्ताह ट्विटर ने कथित टूलकिट से संबंधित पात्रा के ट्वीट को ''छेड़छाड़ किया हुआ'' बताया था। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने एक टूलकिट बनाकर कोरोना वायरस के नए स्वरूप को भारतीय स्वरूप या मोदी स्वरूप बताया और देश तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि खराब करने का प्रयास किया। हालांकि, कांग्रेस ने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया था कि भाजपा उसे बदनाम करने के लिये फर्जी टूलकिट का सहारा ले रही है। कांग्रेस ने भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ पुलिस में 'जालसाजी' का मामला भी दर्ज कराया है।

## आंदोलनरत किसानों से वार्ता कर समस्या का हल निकाले:मायावती

लखनऊ,(एजेंसी)। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन जारी है। बुधवार यानी कि 26 मई को किसान आंदोलन के 6 महीने पूरे होने वाले है। किसान आंदोलन को लेकर विपक्ष केंद्र सरकार पर हमलावर है। इन सबके बीच बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्र सरकार से नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों से बातचीत करने को कहा है। मायावती ने कहा कि बातचीत के जरिए ही समस्या का हल निकल सकेगा। बसपा



प्रमुख मायावती ने अपने ट्वीट में कहा कि तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर देश के किसान कोरोना महामारी के इस अति–विपदा काल में भी लगातार आंदोलित हैं। आन्दोलन के 6 महीने पूरे होने पर कल 26 मई को उनके देशव्यापी 'विरोध दिवस' को बसपा का समर्थन। केंद्र को भी इनके प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा देश के किसानों के प्रति केंद्र का रवैया अभी तक अधिकतर टकराव का ही रहने से उत्पन्न गतिरोध के कारण खासकर दिल्ली के पड़ोसी राज्यों आदि में स्थिति तनावपूर्ण है।

## आते ही यूपी में छाए एके शर्मा, वाराणसी मॉडल की पीएम ने की तारीफ

### मिल सकता है अहम जिम्मा!

नई दिल्ली,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की सियासत में इन दिनों बहुत गहमा–गहमी है क्योंकि खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी के करीबी और हाल ही में बीजेपी के एमएलसी बने एके शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में अहम जिम्मा मिल सकता है। एक बार फिर से एके शर्मा को लेकर बीजेपी में बड़ा मंथन चल रहा है। दिल्ली में प्रधानमंत्री से उनकी मुलाकात के बाद से ही माना ये जा रहा है कि अगले मंत्रीमंडल विस्तार में उन्हें अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। दरअसल, वाराणसी समेत आस–पास के जिलों में कोविड कंट्रोल के लिए शानदार काम करने के लिए इन दिनों वो सुर्खियों में हैं। वाराणसी मॉडल की पीएम भी कर चुके तारीफ प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों कोविड नियंत्रण में वाराणसी मॉडल की तारीफ भी की



जो कि पूर्वांचल का ही हिस्सा है। दरअसल, एके शर्मा काशी व पूर्वांचल के आसपास कोविड नियंत्रण से जड़ी रणनीति बनाने व उसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## यास का असर, बंगाल और ओडिशा में तेज हवाएं और बारिश शुरू

नई दिल्ली,(एजेंसी)। तूफान ताउते के बाद अब एक और चक्रवाती तूफान यास का खतरा पश्चिम बंगाल और ओडिशा में बन गया है। चक्रवाती तूफान का प्रभाव बंगाल और ओडिशा में दिखने लगा है। राज्यों में तेज हवाएं और बारिश शुरू हो गई है। वहीं एनडीआरएफ की कई टीमें अलर्ट मोड पर है। चक्रवाती तूफान में बदलने के बाद यास उत्तर पश्चिम की ओर बढने लगा है। मौसम विभाग ने पहले ही बताया था कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आज से असर दिखने लगेगा। कई इलाकों में तेज हवाओं के




साथ बारिश शुरु हो गई है। चक्रवात यास को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में उड़ीसा, बंगाल, आंध्र के सीएम और अंडमान के साथ बैठक की थी और अस्पताल को पावर बैकअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कल का विक्षोभ पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में बढ़ा और मध्य रात्रि में इसी क्षेत्र में एक गहरे विक्षोभ में बदल हो गया। इसके बाद, यह धीरे धीरे उत्तर–उत्तर–पश्चिम दिशा में बढ़ा और आज, 24 मई, 2021 को सुबह में पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान श्यासश के रूप में तेज हो गया। आज भारतीय मानक समय 08. 30 बजे, यह पोर्ट ब्लेयर (अंडमान द्वीपसमूह) से लगभग 620 किमी उत्तर उत्तर पश्चिम, पारादीप (ओडिशा) के 530 किमी दक्षिण दक्षिण पूर्व, बालासोर (ओडिशा) के 630 किमी दक्षिण दक्षिण पूर्व और दीघा (पश्चिम बंगाल) के 620 किमी दक्षिण दक्षिण पूर्व के निकट अक्षांश 16.4 डिग्री उत्तर और देशांतर 89.6 डिग्री पूर्व में केंद्रित रहा। इसके अगले 12 घंटों में उत्तर–उत्तर–पश्चिम दिशा में बढने, एक उग्र चक्रवाती तूफान में तेज होने और उसके बाद के 24 घंटों में एक बेहद उग्र चक्रवाती तूफान में बदल जाने का अनुमान है। यह उत्तर–उत्तर–पश्चिम दिशा में बढना जारी रखेगा, और सघन होगा और 26 मई की सुबह में उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के निकट उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में इसके पहुंचने का अनुमान है।

# कोविड नियमों का उल्लंघन करने पर PCB ने नसीम शाह को PSL से किया बाहर

*कोविड नियमों का उल्लंघन करने पर पीसीबी ने नसीम शाह को पीएसएल से घ्बाहर किया। पीसीबी ने कहा, नसीम ने 18 मई को किये गये परीक्षण की पीसीआर रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद उन्हें अलग तल पर रखा गया।*

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तेज गेंदबाज नसीम शाह को देश से रवाना होने से पहले कोविडकृ19 के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के कारण अबुधाबी में होने वाले पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी बचे मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। पीसीबी ने बयान जारी करके बताया कि क्वेटा ग्लैडिएटर्स के शाह को आरटी पीसीआर परीक्षण की पुरानी रिपोर्ट के साथ लाहौर में होटल में पहुंचने के कारण टीम से बाहरघ किया गया। इसमें कहा गया है, इस कारण यह तेज गेंदबाज 26 मई को संयुक्त अरब अमीरात के अबुधाबी नहीं जा पाएगा और वह प्रतियोगिता से बाहर हो गया है। उन्नीस वर्षीय शाह अब तक नौ टेस्ट मैचों में खेला है। पीसीबी ने सभी खिलाड़ियों को 48 घंटे पुरानी आरटी पीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट के साथ 24 मई तक टीम होटलों में पहुंचने के लिये कहा था। पीसीबी ने कहा, नसीम ने 18 मई को किये गये परीक्षण की पीसीआर रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद उन्हें अलग तल पर रखा गया। पीएसएल की चिकित्सा सलाहकार पैनल की सिफारिशों के बाद उन्हें बाहर करने का फैसला किया गया। पीसीबी ने सभी खिलाड़ियों को 48 घंटे पुरानी आरटी पीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट के साथ 24 मई तक टीम होटलों में पहुंचने के लिये कहा था। पीसीबी ने



कहा, नसीम ने 18 मई को किये गये परीक्षण की पीसीआर रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद उन्हें अलग तल पर रखा गया। पीएसएल की चिकित्सा सलाहकार पैनल की सिफारिशों के बाद उन्हें बाहर करने का फैसला किया गया।

# कोरोना से ठीक हुए टिम सीफर्ट, IPL के बायोबबल को बताया सुरक्षित

*न्यूजीलैंड के क्रिकेटर टिम सीफर्ट ने कहा कि, आईपीएल बायो बबल के अंदर अच्छा महसूस कर रहा था, यह सुरक्षित था।सीफर्ट ने कहा कि कोविडकृ19 की मुश्किलों से गुजरने के बावजूद वह भविष्य के टूर्नामेंटों के लिये भारत जाएंगे।*




आकलैंड। न्यूजीलैंड के क्रिकेटर टिम सीफर्ट को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान जब कोविडकृ19 के लिये पॉजिटिव पाया गया तो एकबारगी उन्हें लगा जैसे दुनिया थम सी गयी है लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें टूर्नामेंट के बायो बबल (जैव सुरक्षित वातावरण) के अंदर कभी असुरक्षित महसूस नहीं हुआ। सीफर्ट ने कहा कि कोविडकृ19 की मुश्किलों से गुजरने के बावजूद वह भविष्य के टूर्नामेंटों के लिये भारत जाएंगे। इनमें टी20 विश्व कप भी शामिल है जो इस साल के आखिर में खेला जाना है। सीफर्ट ने न्यूजीलैंड हेरल्ड से कहा, आईपीएल से पहले वहां मौजूद इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बात की थी और उन्होंने बताया कि सब कुछ अच्छा है। हमने सब अच्छी चीजें ही सुनी जिनमें टूर्नामेंट के लिये की गयी तैयारियां भी शामिल थी। उन्होंने कहा, यह किसी भी खिलाड़ी के लिये वहां जाने के लिये अच्छा माहौल था और ईमानदारी से कहूं तो मैंघ जितने समय भी वहां (भारत में) रहा, बायो बबल में अच्छा लगा। मैं वहां सुरक्षित महसूस कर रहा था। सीफर्ट कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम का हिस्सा थे। वह बीमारी से उबरने के बाद न्यूजीलैंड वापसी पर यहां 14 दिन के अनिवार्य पृथकवास पर हैं। स्वदेश लौटने के 24 घंटे पहले वायरस से संक्रमित होने के कारण उन्हें लीग स्थगित किये जाने के बावजूद भारत में रुकना पड़ा था। उनका बयान आईपीएल की अन्य टीमों के कुछ खिलाड़ियों के बयानों के विपरीत है। इनमें आस्ट्रेलिया के एडम जंपा भी शामिल हैं जिन्होंने कहा था कि वह भारत में आईपीएल बायो बबल के अंदर असुरक्षित महसूस कर रहे थे। सीफर्ट ने कहा, मुझे अलग थलग कर दिया गया और बताया घ्गया कि मेरा परीक्षण पॉजिटिव आया है।

# तोक्यो ओलंपिक से खिलाड़ी वापस ले सकते हैं अपना नाम

*अमेरिका ने ओलंपिक के लिये जापान यात्रा करने के प्रति आगाह किया है।जापान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यहां तक कि सभी टीके लेने वाले यात्रियों से भी कोविड के विभिन्न प्रकारों के संक्रमण का खतरा पैदा हो सकता है।*

वाशिंगटन। अमेरिका के स्वास्थ्य अधिकारियों और गृह विभाग ने अमेरिकी नागरिकों को जापान की यात्रा करने के प्रति आगाह किया है जो दो महीने के अंदर ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी नागरिकों को जापान की यात्रा करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है लेकिन इससे यात्रियों की बीमा दरों पर असर पड़ सकता है। इससे खिलाड़ी जुलाई में शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग लेने पर पुघ्नर्विचार कर सकते हैं। अभी यह पता नहीं चला है कि इस चेतावनी का ओलंपिक के लिये जापान जाने वालों पर क्या असर पड़ेगा। अटलांटा स्थित रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने सोमवार को कोविडकृ19 से संबंधित नये दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा, यात्रियों को जापान की यात्रा करने से बचना चाहिए। जापान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यहां तक कि सभी टीके लेने वाले यात्रियों से भी कोविड के विभिन्न प्रकारों के संक्रमण का खतरा पैदा हो सकता है। अमेरिका के गृह विभाग ने इसके बाद अधिक कड़ी चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है, कोविडकृ19 को देखते हुए जापान की यात्रा न करें। अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति ने हालांकि उम्मीद जतायी कि उनके खिलाड़ी तोक्यो खेलों में भाग लेंगे।




# सोना 95 रुपये, चांदी 154 रुपये चढ़ी

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी का रुख और रुपये में गिरावट आने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 95 रुपए बढ़कर 48,015 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 47,920 रुपए प्रति दस ग्राम था। चांदी भी इस दौरान 154 रुपए की तेजी के साथ 70,998 रुपये प्रति किलो हो गयी जो पिछले कारोबारी सत्र में 70,844 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 1,882 डॉलर प्रति औंस पर ऊंचा रहा



जबकि चांदी का भाव 27.67 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''लगातार तीन सप्ताह सोने की कीमतों में तेजी बरकरार रही। डॉलर में कमजोरी से सोना लगभग चार माह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सविर्सिज के उपाध्यक्ष (जिंस शोध) नवनीत दमाणी ने कहा, ''कमजोर डालर और अमेरिका में प्रतिफल में गिरावट से निवेशकों की कीमती धातुओं को लेकर उम्मीद बढ़ी है जिससे सोना उच्चस्तर पर टिका रहा।

# जेपी इन्फ्रा के ऋणदाताओं ने सुरक्षा की पेशकश पर वोटिंग टाली

नयी दिल्ली। जेपी इन्फ्राटेक के वित्तीय ऋणदाताओं ने सुरक्षा समूह की बोली पर वोटिंग प्रक्रिया को टालने का फैसला किया है। वोटिंग सोमवार दोपहर शुरू होनी थी। इसके जरिये सुरक्षा समूह दिवाला प्रक्रिया के तहत रियल्टी क्षेत्र की कंपनी का अधिग्रहण करना चाहता है। जेपी के ऋणदाता इसी सप्ताह इस बात पर विचार करेंगे कि क्या सुरक्षा समूह के साथ एनबीसीसी की बोलियों पर पुनरू विचार किया जाए। कुछ दिन पहले एनबीसीसी ने ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) द्वारा उसकी पेशकश को खारिज किए जाने का कड़ा विरोध किया था। साथ ही एनबीसीसी ने अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) अनुज जैन के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया था। उसके बाद सीओसी की सोमवार को बैठक हुई जिसमें एनबीसीसी द्वारा अपनी मौजूदा पेशकश में जो 14 अतिरिक्त पृष्ठ जोड़े गए हैं उनपर विचार किया गया। सीओसी ने सोमवार को हुई बैठक में 27–28 मई को वोटिंग कराने का फैसला किया है जिसके जरिये यह तय किया जाएगा कि क्या सुरक्षा समूह और एनबीसीसी को जेपी इन्फ्राटेक लि. (जेआईएल) के लिए अपनी समाधान योजना को जमा कराने की अनुमति दी जानी चाहिए। जेपी इन्फ्रा 2017 में दिवाला प्रक्रिया में चली गई थी। सीओसी की 20 मई को हुई पिछली बैठक में सुरक्षा समूह की पेशकश पर 24 मई को दोपहर 12 बजे से वोटिंग शुरू करने का फैसला किया गया था। वोटिंग 27 मई को शाम पांच बजे बंद होनी थी। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा गया है कि सीओसी ने सुरक्षा समूह की बोली पर वोटिंग टाल दी है। आईआरपी अनुज जैन ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि सीओसी ने 27 से 28 मई तक वोटिंग कराने का फैसला किया है। इसके जरिये दोनों समाधान आवेदकों को अपनी अंतिम समाधान योजना के लिए और समय देने पर विचार किया जाएगा। हालांकि, जैन ने सुरक्षा समूह की पेशकश पर वोटिंग टालने को लेकर कोई विशेष वजह नहीं बताई है। सूत्रों ने कहा कि ऋणदाताओं में इस बात को लेकर सहमति नहीं है कि अभी एनबीसीसी की बोली पर विचार किया जाना चाहिए या नहीं। ऐसे में इसपर ऋणदाताओं और फ्लैट खरीदारों से वोटिंग के जरिये राय ली जाएगी। इससे पहले सीओसी ने एनबीसीसी की समाधान पेशकश को खारिज कर दिया था क्योंकि इसमें कानून के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया गया था। सीओसी के फैसले के बाद एनबीसीसी ने शनिवार को स्वतः अपनी अंतिम बोली में 14 अतिरिक्त पृष्ठ जोड़े थे। एनबीसीसी ने अंतिम बोली 18 मई को जमा कराई थी। समाधान पेशेवर ने पांच ऋणदाताओं.... एसबीआई, आईआईएफसीएल, आईडीबीआई, यूबीआई और एलआईसी के आग्रह के बाद सोमवार को सीओसी की बैठक बुलाई थी ।सुरक्षा समूह ने रविवार को इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया देते हुए सीओसी की 24 मई की बैठक का विरोध किया था। इस बैठक में एनबीसीसी द्वारा अंतिम बोली में अतिरिक्त परिशिष्ट जोड़ने पर विचार किया जाना था। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि जैन ने एनबसीसीसी द्वारा अपनी पेशकश में जो अतिरिक्त पृष्ठ जोड़े गए हैं उनपर अपनी रिपोर्ट सीओसी को सौंप दी है। इसमें इस बात का जिक्र है कि स्पष्टीकरणों के बावजूद कंपनी की बोली अब भी अनुपालन को पूरा नहीं करती है।

## संक्षिप्त



### कोविड–19 से प्रभावित लोगों को ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर देगा पंजाब किंग्स

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम पंजाब किंग्स ने भी कोविडकृ19 से प्रभावित लोगों को ऑक्सीजन कन्सेंट्रेटर उपलब्ध कराने के लिये निजी संस्था राउंड टेबल इंडिया (आरटीआई) और लोगों से धन एकत्रित करने वाले मंच कीटो.ओआरजी के साथ हाथ मिलाया है। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पंजाब किंग्स आक्सीजन कन्सेंट्रेटर खरीदने के लिये धनराशि देगा। इन आक्सीजन कन्सेंट्रेटर को बाद में रोगियों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें कहा गया है, आरटीआई यह सत्यापित करेगा कि किस रोगी को उसके घर पर या धर्मार्थ चिकित्सा संस्थान के जरिये आक्सीजन कन्सेंट्रेटर दिया जाएगा। वापसी पर कन्सेंट्रेटर को अगले रोगी को देने से पहले साफ और कीटाणुरहित किया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार, संकट से उबरने के बाद इन मशीनों को अस्पतालों को दान कर दिया जाएगा जहां अस्थमा और सांस संबंधी रोगियों के लिये इनकी जरूरत पड़ेगी।

### हाजिर मांग की वजह से चांदी वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को चांदी की कीमत 373 रुपये की तेजी के साथ 71,422 रुपये प्रति किलो हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के जुलाई डिलीवरी वाले वायदा अनुबंध का भाव 373 रुपये यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,422 रुपये प्रति किलो हो गया। इस वायदा अनुबंध में 10,872 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि चांदी वाायदा कीमतों में तेजी आने का मुख्य कारण घरेलू बाजार में तेजी के रुख की वजह से कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करना था। वैश्विक स्तर पर, न्यूयार्क में चांदी का भाव 0.89 प्रतिशत की तेजी के साथ 27.73 डालर प्रति औंस हो गया।

### कमजोर मांग से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत 2.30 रुपये की गिरावट के साथ 185.85 रुपये प्रति किलो हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मई माह में डिलीवरी होने वाले अनुबंध के लिये एल्युमीनियम का भाव 2.30 रुपये यानी 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 185.85 रुपये प्रति किलो रह गया। इसमें 992 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग घटने के कारण व्यापारियों द्वारा अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में एल्युमीनियम कीमतों में हानि दर्ज हुई।

### मजबूत हाजिर मांग से निकेल वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में एलॉय निर्माताओं की मांग बढ़ने के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को निकेल वायदा भाव 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,230.50 रुपये प्रति किलो हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मई माह में डिलीवरी होने वाले निकेल अनुबंध का भाव 8.20 रुपये यानी 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,230.50 रुपये प्रति किलो हो गया। इसमें 1,121 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में एलॉय निर्माताओं की मांग बढ़ने के कारण मुख्यतरू निकेल वायदा कीमतों में तेजी को समर्थन प्राप्त हुआ।

### कमजोर मांग से तांबा वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। घरेलू हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को तांबा की कीमत 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 739.85 रुपये प्रति किलो रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मई माह में डिलीवरी होने वाले अनुबंध के लिये तांबा का भाव 70 पैसे यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 739.85 रुपये प्रति किलो रह गया। इसमें 2,358 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग की वजह से सटोरियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से यहां तांबा वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### सेंसेक्स 111 अंक मजबूत, निफ्टी 15,200 के करीब पहुंचा

मुंबई। वैस्त्रश्विक स्तर पर मिले–जुले रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 111 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि., भारतीय स्टेट बैंक और एल एंड टी की अगुवाई में यह तेजी आयी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 111.42 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50,651.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,197.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में एसबीआई रहा। इसमें 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी आयी। इसके अलावा एल एंड टी, आईटीसी, डा. रेड्डीज, एक्सिस बैंक और पावरग्रिड के शेयरों में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और बजाज फिनसर्व आदि शेयर नुकसान में रहे। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि वैस्त्रस्त्रश्विक स्तर पर मिले–जुले रुख के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही। इसका प्रमुख कारण दैनिक आधार पर कोविड–19 संक्रमण के मामले में कमी आना है। इससे निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई और तोक्यो लाभ में रहे जबकि हांगकांग और सोल नुकसान के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में लाभ का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.81 प्रतिशत मजबूत होकर 67.55 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

हिन्दी दैनिक
# अमित रेखा
4
कुशीनगर बुधवार, 26 मई 2021

## सम्पादकीय........

### केंद्र और राज्य मिलकर काम करें

भारत की सत्ता विविधता में निहित है. सदियों से अनगिनत आक्रमणों तथा आपसी युद्धों ने मिलकर हमारी संघीय नींव बनाने के लिए सांस्कृतिक संयोजनों का मेल बनाया. आपदाएं असुरक्षा और संघर्ष की स्थिति पैदा करती हैं. भारत, जो 17वीं सदी में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 24.4 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ सबसे धनी राष्ट्र था, अब बांग्लादेश से पीछे हो गया है. इस अपमान के अलावा, राष्ट्रीय वातावरण का ह्रास असहिष्णुता और झगड़ालू अराजकता के रूप में हो रहा है. सर्वसम्मति का स्थान परस्पर विरोध ने ले लिया है. उचित असहमति को टकराव के तौर पर देखा जाता है. राजनीति से लेकर मनोरंजन तक, एक नये लड़ाकू भारतीय का उद्भव हो गया है. वह किसी भी विपरीत आख्यान के लिए एक इंच जगह छोड़ने के लिए तैयार नहीं है. अनर्थकारी कोरोना प्रबंधन के मामले में केंद्र और राज्यों के बीच लगातार कहा–सुनी की व्याख्या इसके अलावा किसी और आधार पर नहीं हो सकती है. आंकड़ों के अनुसार, दुनिया में कोरोना से होनेवाली हर 12वीं मौत भारत में हो रही है तथा हर सातवां नागरिक संक्रमित है. फिर भी, राजनेता सांख्यिक कुख्याति पर झगड़ रहे हैं तथा एक–दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं. भाषा और लहजे से इंगित होता है कि आज का भारत एक एकीकृत राष्ट्र के बजाय 18वीं सदी के सामंती क्षेत्रों का परिसंघ जैसा है. हमारे राजनेता यह नहीं समझ पा रहे हैं कि बंगाल की वेदना असम का उल्लास नहीं है. राजस्थान की समृद्धि हरियाणा की त्रासदी नहीं है. सभी राज्य भारत की संपूर्णता के अविभाज्य अभिन्न अंग हैं. यदि एक का ह्रास होता है, तो दूसरे भी देर–सेबर बीमार होंगे. इसलिए, मारकर भागने की जगह बैठकर बातचीत होनी चाहिए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्रियों के बीच संकट पर होनेवाली वार्ताएं अब वायरस को हटाने के मंच न होकर आपसी उठापटक का मैदान बन गयी हैं. पिछले सप्ताह ममता बनर्जी ने ऐसी एक बैठक में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री को निशाना बनाया. उन्होंने मुख्यमंत्रियों और जिलाधिकारियों के एक समूह को जमीनी सच्चाई जानने के लिए बुलाया था. इसमें मुख्यमंत्रियों को भी अपने अनुभव बताने थे. बैठक के बाद वे प्रधानमंत्री पर बरस पड़ीं, 'यह एकतरफा संवाद नहीं था, एकतरफा अपमान था, एक राष्ट्र, सब अपमान. क्या प्रधानमंत्री में इतना असुरक्षा बोध है कि वे मुख्यमंत्रियों की नहीं सुनना चाहते हैं? वे भयभीत क्यों हैं? अगर वे मुख्यमंत्रियों की नहीं सुनना चाहते हैं, तो उन्हें बुलाते ही क्यों हैं? उन्होंने कुछ जिलाधिकारियों को बोलने दिया और मुख्यमंत्रियों का अपमान किया.' इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऐसी ही भावनाएं व्यक्त की थीं. उन्होंने कहा था, 'आज आदरणीय प्रधानमंत्री ने बुलाया था. उन्होंने केवल अपने 'मन की बात' की. अरविंद केजरीवाल ने अपने भाषण का सीधा प्रसारण कर दिया, जिसे प्रोटोकॉल के विरुद्ध माना गया. मोदी ने उन्हें डांटा भी था. केवल आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन रेड्डी ने सद्भावना और मेलजोल का निवेदन किया. स्वाभाविक रूप से भाजपा के मुख्यमंत्री वायरस की भयावहता को नजरअंदाज करते हुए निष्ठा या भय के कारण चुप्पी साधे रहे. वास्तविक सहकारी संघवाद का समय आ गया है, जहां केंद्र अगुवाई करे और राष्ट्रीय मामलों में राज्य भी अपनी बात कह सकें. जैसे केंद्र में सत्तारूढ़ दल को जनादेश मिला है, वैसे ही क्षेत्रीय दलों को भी मिला है. दरअसल, मोदी से बेहतर राज्यों की व्यथा को और कौन समझ सकता है।

## आज का राशिफल

मेष :– मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

बृषभ मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा–प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

मिथुन :– आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

कर्क :– पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे–संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

सिंह :– पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

कन्या :– मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

तुला :– आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिक :– आज परिजनों के सुख–दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

धनु :– निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

मकर :– मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

कुंभ :– अपने सुख–दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मीन :– :– किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# केस घटे, पर वायरस अभी जिंदा है

–राजेश माहेश्वरी

*इस दौरान संक्रमित होने वाले लोगों की तुलना में स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या अधिक रही, जिससे रिकवरी दर बढ़कर 88.69 फीसदी हो गई। संक्रमण के आंकड़ों में गिरावट पर बहुत लोग इस आधार पर शक भी जता रहे हैं कि सरकार अपनी कमियों और विफलताओं को छिपाने के लिए आंकड़ों की बाजीगरी में लगी है। लेकिन लेकिन इसी के साथ ये तथ्य भी संज्ञान योग्य है कि अस्पतालों में खाली बिस्तरों की संख्या बढने के अलावा ऑक्सीजन को लेकर जो मारामारी मची थी वह भी नहीं दिखाई दे रही। वैसे भी इस तरह की संक्रामक बीमारी या यूं कहें कि महामारी का प्रकोप एक सीमा के बाद कम होता जाता है। हमारे आस–पास और जान–पहचान में कोरोना संक्रमण की खबरें काफी हद तक कम हुई हैं।*

देशभर से कोरोना की दूसरी लहर की जो खबरें प्रकाश में आ रही हैं, उनके अनुसार संक्रमण की दर में काफी गिरावट आई है। रिकवरी रेट लगातार बढ़ रहा है। पूरे देश के लिये ये काफी राहत की बात है। रिकवरी रेट बढ़ने और नये केस कम आने पर सर्तकता और सजगता को भूलना फिर से भारी पड़ सकता है। लेकिन देखा जाए तो यही समय सबसे ज्याद संभल कर चलने वाला है। इसी समय सबसे ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। पिछले साल भी जैसे ही देश में कोरोना संक्रमण की दर घटी थी, उसके बाद ही गड़बड़ी होनी शुरू हुई थी। दरअसल संक्रमण के नये केस कम आने पर सरकार ने धीरे–धीरे हर क्षेत्र में ढील देनी शुरू कर दी थी। सरकारी ढील के बाद हम सबने ये मान लिया था कि अब हम कोरोना के खिलाफ जंग जीत चुके हैं। लेकिन यही भूल हमारे लिए आफत बन गई। और इसका खामियाजा हम सबने मिलकर भोगा। अगर आंकड़ों के आलोक में बाम करें तो पिछले 24 घंटों के दौरान 2.22 लाख से अधिक नए मामले सामने आए हैं और 4454 लोगों की इस महामारी से मौत हो गई है। इस दौरान संक्रमित होने वाले लोगों की तुलना में स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या अधिक रही, जिससे रिकवरी दर बढ़कर 88.69 फीसदी हो गई। संक्रमण के आंकड़ों में गिरावट पर बहुत लोग इस आधार पर शक भी जता रहे हैं कि सरकार अपनी कमियों और विफलताओं को छिपाने के लिए आंकड़ों की बाजीगरी में लगी है। लेकिन लेकिन इसी के साथ ये तथ्य भी संज्ञान योग्य है कि अस्पतालों में खाली बिस्तरों की संख्या बढने के अलावा ऑक्सीजन को लेकर जो मारामारी मची थी वह भी नहीं दिखाई दे रही। वैसे भी इस तरह की संक्रामक बीमारी या यूं कहें कि महामारी का प्रकोप एक सीमा के बाद कम होता जाता है। हमारे आस–पास और जान–पहचान में कोरोना संक्रमण की खबरें काफी हद तक कम हुई हैं। देश में प्रतिदिन लाखों लोगों को कोरोना का टीका लगने से भी संक्रमण को नियंत्रित्त करने में मदद मिली है। देश में अब तक 19 करोड़ 60 लाख 51



हजार 962 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं सबसे ज्यादा फायदा हुआ कोरोना कर्फ्यू अथवा लॉकडाउन से, जिसने कोरोना की चेन तोड़ने और कम्युनिटी में फैलाव को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि पिछले साल जब प्रधानमन्त्री ने पूरे देश में लॉकडाउन लागू किया था तब राहुल गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने उसे जल्दबाजी में उठाया कदम बताते हुए तीखी आलोचना की थी। लेकिन इस वर्ष केंद्र ने लॉक डाउन संबंधी फैसला राज्यों पर छोड़ दिया। जिन राज्यों ने सही समय पर इसे लागू किया वे कोरोना की दूसरी लहर के प्रकोप से काफी हद तक सुरक्षित रहे। लेकिन इस बार कोरोना ने ग्रामीण भारत को भी अपनी चपेट में ले लिया। यहां तक कि कस्बों, तहसील और छोटे जिलों तक में ऐसी चिकित्सा सुविधा नहीं है जो किसी महामारी के समय लोगों को समुचित इलाज दे सके। ये देखते हुए दूसरी लहर की वापिसी को लेकर आश्वस्त होने की बजाय कहीं ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। इस समय कोरोना ने जो विकराल रूप धारण किया, उसमें सरकारी तंत्र की कमियों के साथ ही साथ हमारी लापरवाही भी पूरी तरह शामिल है। पिछले वर्ष जून के पहले सप्ताह से ज्योंही लॉकडाउन में ढील दी गई त्योंही संक्रमण तेजी से बढ़ा था। इसी तरह दीपावली के बाद से जब ये लगने लगा कि कोरोना वापिस चला तब पूरा देश बेफिक्र हो गया और मास्क जैसी प्राथमिक सावधानी को भी लोग जमकर और जानबूझकर नजरअंदाज करने लगे थे। कुछ गिने चुने जो लोग कोरोना से बचाव करते दिखते उनका उपहास भी देखने मिलता था। वहीं ग्रामीण इलामों में तो ज्यादातर लोग इस अति आत्मविश्वास में जी रहे थे कि ये बीमारी शहरी लोगों तक सीमित है और गांवों में रहने वालों की रोग प्रतिरोधक क्षमता चूंकि ज्यादा है इसलिए वे इसके प्रकोप बचे रहेंगे। संयोग से पहली लहर में कोरोना ने ग्रामीण इलाकों तक पैर नहीं पसारे किन्तु इस बार जब वह लौटा तब उसकी गति और संक्रामक क्षमता पूर्वापेक्षा कहीं अधिक होने से क्या गांव और क्या शहर सभी जगह उसका हमला एक जैसा हुआ है। गांवों से भी कोरोना संक्रमण की खबरें लगातार आ रही हैं। ये जान लीजिए कोरोना वायरस बिना किसी भेदभाव के सब पर हमला कर सकता है, और कर भी रहा है। केवल सावधानी और सर्तकता से ही इससे बचा सकता है। कोरोना की दूसरी लहर से उपजे हालातों के मद्देनजर तीसरी लहर की आशंका देखते हुए पूरी तरह सावधानी बरतने की जरूरत है। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप ने ये सवाल खड़ा कर दिया है कि अत्याधुनिक होती जा रही दुनिया में चीन और अमेरिका जैसे भारी–भरकम अर्थव्यवस्था वाले देश भी किसी वायरस से निपटने के लिए कितने तैयार हैं। भारत जैसी विशाल आबादी वाले विकासशील देश के लिए कोरोना जैसी महामारी से अपने नागरिकों को बचा पाना पहाड़ तोड़ने की चुनौती से कम नहीं है। सरकार ने इस महामारी से निपटने के लिए अपने सारे साधन और संसाधन झोंक दिये हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना वायरस के प्रकोप से बचने एवं संक्रमण की गति पर काबू पाने के लिए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन सबसे बेहतर उपाय है। इस वायरस से बचने का कारगर तरीका अपने को भीड़ से अलग रखना और सतर्कता बरतना है। लोगों को भीड़ से परहेज करना चाहिए। घर से निकलते वक्त लोगो को मुंह, नाक ढंक कर रखना चाहिए। घर से बाहर निकलने पर लोगों से कम से कम एक मीटर दूरी बनाए रखना जरुरी है। ये जान लीजिए कि सतर्कता बरतकर ही कोरोना को मात दी जा सकती है। इन सबके बीच देश में तीसरी लहर आने की बात भी कही जा रही है और इसे खासा भयानक और बेहद तीव्र बताया जा रहा है, इसे लेकर सरकार भी संजीदा है और इससे निपटने की तैयारियों में जुटी है कहा जा रहा है कि तीसरी लहर की जद बच्चे ज्यादा आएंगे, वहीं राजस्थान के दौसा में करीब 341 बच्चों में कोरोना संक्रमण मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। वहीं अगर बात टीकाकरण की कि जाए तो भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए 50 फीसदी आबादी को टीका लगने में कई महीने लगेंगे और तब तक तीसरी लहर आ जाए तो अचरज नहीं होगा। केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे देश में दूसरी लगभग हर प्रकार की मुफ्त की योजनाओं को कुछ समय के लिए रोक लगा कर देश के हरेक राज्य के नागरिक को देश में निर्मित कोरोना वैक्सीन मुफ्त में उपलब्ध कराएं। अगर टीका मुफ्त मिल जाए, तो गरीब लोगों की समस्या काफी हद तक हो हल हो जाएगी। और जब तक टीकाकरण नहीं हो जाता तब तक एहतियात के सिवा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। बेहतर है हम कोरोना वायरस को अपना एक अदृश्य शत्रु समझकर व्यवहार करें और सीमा पर तैनात एक सजग सैनिक की भांति इस शत्रु के प्रति चौकस रहें।

–लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# सरगुजा में विकास के नाम पर होता प्रकृति का विनाश

आलोक शुक्ला

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऑक्सीजन की कमी से हमारे देश में बड़े से लेकर छोटे शहर तक में हो रही मौतों ने कई सवाल एक साथ खड़े कर दिए हैं। ऑक्सीजन उपलब्ध न होने से दम घुटने के ख्याल मात्र से सिहरन हो उठती है और भय व्याप्त हो जाता है, मगर यह प्रकृति जो हमें हर पल मुफ्त में जो शुद्ध ऑक्सीजन दे रही है क्या हमने इसके लिए अपनी जवाबदेही तय की है? यह तो तय है कि यदि हर 100 में से एक व्यक्ति से भी ये प्रश्न पूछा जाए तो वह अनुत्तरित रह जाएगा। सरगुजा संभाग तो मात्र एक उदाहरण है जो कि उत्तरी छत्तीसगढ़ का बेहद खूबसूरत क्षेत्र है। यहां की प्रकृति प्रदत्त खूबसूरत वादियों से देश भर के लोगों का मन मोहा है। छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में आज से केवल दो दशक पहले तक गर्मी का नामो–निशान नहीं था। यही स्थिति झारखंड से लगे कुसमी सामरीपाट में भी थी जहां गर्मियों के नौतपे में भी घर के खुले आंगन में सोने पर रजाई ओढ़नी पड़ती थी। छत्तीसगढ़ का दक्षिणी भाग यानि बस्तर संभाग– यहां के चित्रकोट जलप्रपात को श्भारत का नियाग्राश कहा जाता है। यहां भी प्रकृति की सुन्दरता देखते ही बनती है, पर जैसे–जैसे मानव तथाकथित विकास के रास्ते पर चला वैसे–वैसे प्रकृति से दूर होता गया और इसे नष्ट भी करने लगा। छत्तीसगढ़ से लगे मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित अमरकंटक हो या बांधवगढ़, कान्हा किसली हो या पचमढ़ी जैसा मनोरम हिल स्टेशन। यहां आज भी शुद्ध ऑक्सीजन तो आपको जरूर मिल जाएगी पर तापमान में हर जगह बढ़ोतरी विकास के साथ–साथ बढ़ती ही चली जा रही है। जहां गर्मी का नामो–निशान नहीं था वहां पेड़–पौधों के विनाश के कारण हाल बेहाल होता जा रहा है। समग्र भारत की यदि हम बात करें तो केरल में आज भी जंगलों की हालत अपेक्षाकृत बेहतर है क्योंकि वहां साक्षरता मात्र कागजों पर नहीं है बल्कि लोगों के चरित्र में भी व्याप्त है। दक्षिण भारत में उत्तर भारत की अपेक्षा जनजागृति और नागरिक बोध अधिक है। उत्तर भारत के नैनीताल, दार्जिलिंग, हिमाचल के शिमला आदि सभी स्थानों पर भी जैसे–जैसे जनसंख्या का घनत्व बढ़ता गया वैसे–वैसे यहां भी हालत चिंताजनक बनती चली गई है। हिमाचल और उत्तराखंड के अंदरूनी क्षेत्रों में प्राकृतिक खूबसूरती निहारते ही बनती है। अब बात करें खदान क्षेत्रों की, तो छत्तीसगढ़ सहित झारखंड, बिहार आदि में भी कोयले का उत्खनन तो हुआ पर नियमतरू यहां जो वृक्षारोपण होना था वह शासकीय दस्तावेजों के मुकाबले यथार्थ में मात्र दस फीसदी ही हुआ है क्योंकि श्पर्यावरण दिवसश अथवा श्विश्व पृथ्वी दिवसश के दिन तो हम भारतीय करोड़ों पौधे लगाकर अपनी पीठ स्वयं थपथपा लेते हैं पर पौधों की देखभाल ही नहीं कर पाते। वे ही पौधे जीवित बचकर पेड़ बनने का सौभाग्य प्राप्त कर पाते हैं जो प्राकृतिक तरीके से पनप जाते हैं। पर्यावरण और खान क्षेत्रों की बात हो और महंगे मार्बल–टाईल्स का जिक्र हो तो राजस्थान का उल्लेख भी जरूरी है। यहां जिस बेहिसाब तरीके से छोटी–बड़ी खदानों से कीमती पत्थर निकल रहे हैं उससे वाकई आने वाले समय में पर्यावरण में असंतुलन बहुत



तेजी से बढ़ता चला जायेगा। दिल्ली में एक परिचित सज्जन के साथ चंडीगढ़ जाना हुआ। उन्होंने बताया कि राजस्थान में एक बहुत महंगे मार्बल की खदान मिली है। पूरी लॉट विदेश जाएगी। मार्बल का एक बड़ा टुकड़ा दिखाकर पूछा गया कि इसकी क्या कीमत है? उन्होंने खुद बताया कि भारत में यदि हम इसे बेचेंगे तो होल सेल का रेट 2500 रुपये वर्ग फीट होगा। विदेश में इससे बहुत अधिक मिलेगा। विचार यह है कि हम इंसान इतने महंगे मार्बल तक तो पहुंच गए, पर काश इस धरती पर एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल का जिम्मा भी ले लेते। पूरे भारतवर्ष में छात्रों की राष्ट्रीय सेवा योजना में एक नारा लगवाया जाता था–सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार। अब समय है इस नारे को चरितार्थ करने का। वह भी बहुत तेजी से क्योंकि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है मगर विकास के नाम पर हमने उसका विनाश ही किया है। अभी कोरोना काल में तो पूरे विश्व के लोगों को प्रकृति का महत्व समझ में आ ही गया है पर यह समझ मूर्तरूप ले ले तो सोने पर सुहागा होगा।

कोरोना काल में आज चारों ओर, चाहे देश हो या विदेश, हर जगह इस वायरस ने हर प्रकार की व्यवस्था को छिन्न–भिन्न कर दिया है। इसमें वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऑक्सीजन की कमी से हमारे देश में बड़े से लेकर छोटे शहर तक में हो रही मौतों ने कई सवाल एक साथ खड़े कर दिए हैं। ऑक्सीजन उपलब्ध न होने से दम घुटने के ख्याल मात्र से सिहरन हो उठती है और भय व्याप्त हो जाता है, मगर यह प्रकृति जो हमें हर पल मुफ्त में जो शुद्ध ऑक्सीजन दे रही है क्या हमने इसके लिए अपनी जवाबदेही तय की है? यह तो तय है कि यदि हर 100 में से एक व्यक्ति से भी ये प्रश्न पूछा जाए तो वह अनुत्तरित रह जाएगा। इसी साल छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहर के पूर्वोत्तर में स्थित बड़े क्षेत्रफल वाले महामाया पहाड़ को ऑक्सीजोन क्षेत्र कहकर संबोधित किया और यहां की खूबसूरती से प्रभावित होकर इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए इस धरोहर को संजोने की बात कही। वाकई कोरोना काल में इस तरह की पहल अत्यंत सकारात्मक थी और सभी वर्ग व शहरवासियों समेत पर्यावरणविदों ने भी इसे एक बड़ा कदम बताते हुए उनका आभार जतायाय परंतु यथार्थ में जिले के इस बड़े ऑक्सीजोन क्षेत्र पर भू माफियाओं की बुरी नजर तो पहले से लगी थी और कोरोना काल में इस क्षेत्र में पहाड़ के किनारे और तलहटी के क्षेत्र समेत कई जगहों पर बड़ी–बड़ी मशीनों से काटकर समतल किया गया और राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे इस पहाड़ के आसपास की जमीन पर तेजी से कब्जा किया जाने लगा। बड़े–बड़े पेड़ धराशायी कर दिन और रात दोनों में जिन्हें कब्जा करना था वे ऐसा कर अपने कुत्सित प्रयासों में सफल भी हो गए। प्रदेश के प्रसिद्ध भूगोलशास्त्री प्रो.डॉ. वीरेंद्र कुमार वर्मा, जो कि भोपाल के प्रसिद्ध बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र रह चुके हैं, बहुत साफगोई से कहते हैं कि महामाया पहाड़ को हमने अपनी आंखों के सामने बहुत खूबसूरत रूप में देखा है। यह प्रकृति का बहुत सुन्दर उपहार है जो सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर की खूबसूरती में चार चांद तो लगाता ही है, साथ ही हरे–भरे पेड़ों और बड़े पठारी क्षेत्र के कारण आसपास के कुछ वर्ग किलोमीटर तक की आबोहवा भी शुद्ध रखकर तापमान को भी नियंत्रित करता है। पर इसी तरह यदि यहां भू माफियाओं की नजर गड़ी रही तो जीता–जागता यह भूगोल एक इतिहास बनकर रह जाएगा। इसी तरह की मिलती–जुलती और बेबाक टिप्पणी शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा ने की है। इन्होंने कहा है कि श्प्रकृति हमें अमूल्य चीजें बिना किसी मूल्य के दे रही हैं पर हम मानव इसके बदले में कृतज्ञ न होकर बिना सोचे–समझे इसका विनाश किए जा रहे हैं जो कि वाकई निराशाजनक है। उन्होंने प्रशासन के असंवेदनशील रवैये पर भी स्पष्ट शब्दों में अपनी नाराजगी रखी है।श्श एक गांव वाले की बात दिल में उतर जाती है जिसने सरगुजिहा में कहा– श्बाबू, ये पहाड़, ये पेड़ तो हमर देवता हवें। ऐमन ला हमन बर्बाद करव तो हमरो तो वंश बर्बाद हो जाही।श (बाबू ये पहाड़, ये पेड़ तो हमारे देवता हैं। हम इन्हें नष्ट करेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ी भी नष्ट हो जाएगी।) बहरहाल, आज ऑक्सीजन की कीमत का अंदाज तो मानव समाज को इस कोरोना काल में हो चुका है पर अब आवश्यकता है कि हम प्रकृति की दी हुई अमूल्य धरोहर को अपने परिजनों की तरह संजोते रहें। तभी हम खुशहाल रह पायेंगे।



# तमिल शख्स के साथ शादी करना चाहती हैं रश्मिका मंदाना, खुद किया खुलासा

साउथ इंडस्ट्री की मशहूर और सबसे खूबसूरत खूबसूरत अभिनेत्री कहीं जाने वाली रश्मिका मंदाना ने पिछले एक दो सालों में अपनी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। उनकी खूबसूरती और अदाकारी की वजह से आज वो साउथ फिल्म इंडस्ट्री के साथ–साथ बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री पर राज करने वाली है। जी हां रश्मिका मंदाना आने वाले दिनों में ना सिर्फ साउथ की बल्कि बॉलीवुड की भी कई फिल्मों में दिखाई देने वाली है। जिसका ऐलान बीते दिनों किया जा चुका है। रश्मिका मंदाना साउथ की एक लीडिंग एक्ट्रेस है। जिन्होंने अब तक कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में काम किया है। इन तीनों ही भाषा की फिल्मों में उन्होंने अपनी एक खास जगह बनाई है और उनके क्यूट एक्सप्रेशन की वजह से रश्मिका मंदाना को नेशनल क्रश तक कहा जाता है। रश्मिका मंदाना के लिए ऐसा कहा जाता है कि वो अपने को स्टार अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ अफेयर को लेकर सुर्खियों में बनी थी। हालांकि अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने साफ कर दिया कि वो अभिनेता विजय देवरकोंडा को डेट नहीं कर रही है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने हाल ही में एक खास बातचीत में इस बात का खुलासा किया है कि कैसे शख्स के साथ शादी करना चाहती है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बताया कि, उनको तमिल खाना बहुत पसंद है। ऐसे में एक तमिल शख्स के साथ शादी करना चाहती हैं। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की इन बातों से साफ जाहिर हो रहा है कि वो तमिल शख्स के साथ शादी करना चाहती हैं। अगर हम बात करें उनके काम की तो वो आने वाले दिनों में मिशन मजनूं और गुडबाय जैसी बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसका ऐलान कुछ समय पहले ही कर दिया गया था।

# श्वेता तिवारी ने लगाया हॉटनेस का तड़का, 40 साल की उम्र में ढा रही हैं कहर



सीरियल कसौटी जिंदगी की फेम श्वेता तिवारी बीते काफी समय से सुर्खियों में है. श्वेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा इन दिनों पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. श्वेता इन दिनों खतरों के खिलाड़ी का हिस्सा बनने केपटाउन में हैं. इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी बेहद हॉट पिक्स फैंस के लिए शेयर की हैं. श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं.श्वेता की ग्लैमरस पिक्स का अब फैंस को भी काफी इंतजार रहता है, ऐसे में हाल ही में श्वेता ने एक बार फिर से अपनी बोल्ड पिक्स सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. श्वेता ने जो फोटोज शेयर की हैं उन तस्वीरों में वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं. श्वेता का ये हॉट अवतार देखकर फैंस हैरान रह गए हैं. टीवी सेलेब्स भी श्वेता की फोटोज पर कमेंट कर रहे हैं. श्वेता ने पिक्स खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग से ठीक पहले फैंस के लिए शेयर की हैं. फोटो केपटाइन की हैं ये खुद श्वेता ने इंस्टाग्राम पर लिखा है. श्वेता इन पिक्स में बालकनी में खड़ी नजर आ रही हैं. फोटोज में वह व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहने दिख रही हैं. इन फोटोज में वह काफी मुस्कराती नजर आ रही हैं. हर एक पिक में श्वेता अपनी हॉट अंदाओं को बिखेरती दिख रही हैं. श्वेता तिवारी हाल ही के दिनों पहले अपने कई फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की थीं. श्वेता की फोटोज और बोल्ड अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. श्वेता को खतरों के खिलाड़ी से पहले आखिरी बार सोनी के शो मेरे डैड की दुल्हन है मेरे देखा था. इस शो में वह वरुण वडोला के अपोजिट दिखी थीं. शो में वह एक 40 साल की अनमैरिड तेज तर्रार पंजाबी लड़की के लुक में दिखी थीं, जो एक बेटी के बाप के प्यार में पड़ जाती है. इस शो को फैंस के बीच काफी पसंद किया गया था. लेकिन अचानक से मेकर्स ने इस शो को बंद कर दिया था. पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में श्वेता अपने पति अभिनव के साथ बिगड़ते रिश्तों को लेकर सुर्खियों में हैं. अभिनव कोहली ने उन पर बेटे को छोड़कर जाने का आरोप लगाया है. जिसके बाद श्वेता ने पति के कुछ सनसनीखेज सीसीटीवी के वीडियोज फैंस के लिए शेयर किए थे. जिसमें वह श्वेता से बेटे को छीनते दिख रहे थे. जिसके बाद अभिनव ने भी श्वेता के खिलाफ वीडियोज पेश किए थे. लेकिन अब महिला आयोग ने डीजीपी को अभिनव के खिलाफ एक्शन लेने की अपील की है. महिला आयोग ने ट्वीट किया, श्महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने महाराष्ट्र के डीजीपी को लेटर लिखकर इस मामले की तुरंत जांच करने की अपील की है:द्य

# रेड लिपस्टिक एक्शन में थोड़ी कमी महसूस कर रही हूं: रवीना टंडन




बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन कोविड–19 महामारी के पिछले एक साल से अपने चेहरे को मास्क से ढके हुए हैं और अपनी पसंदीदा लाल लिपस्टिक नहीं लगा पा रही हैं। रवीना ने इंस्टाग्राम पर अपने मन की बात जाहिर की। अभिनेत्री ने लाल रंग की लंबी पोशाक में अपनी एक खूबसूरत तस्वीर के साथ लाल लिपस्टिक पहने अपने चेहरे की कुछ तस्वीरों को साझा किया। तस्वीरों के साथ, रवीना ने लिखा, हैलो! मैं लाल रंग को याद कर रही हूं! पिछले पूरे साल मास्क में ढके रहने के साथ, और अभी भी ऐसा करना जारी है . हैशटैग रेडलिपस्टिक एक्शन थोड़ा सा याद आ रहा है . रवीना ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इस बारे में बात की कि वह अपने काम को कितना याद कर रही हैं जो महामारी के कारण रुका हुआ है। अभिनेत्री ने आगामी अपराध श्रृंखला अरण्यक की शूटिंग के अपने आखिरी दिन की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जो फरवरी में हुई थी। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा,हैशटैगथ्रोबैक हैशटैगअरण्यक की शूटिंग का आखिरी दिन। फरवरी में सभी की खुशी मुस्कान। गैंग को मिस करना, एक्शन, मस्ती. खुशी के दिन फिर से वापस आ जाएंगे। पता नहीं था कि मैं काम को इतना मिस करूंगी। हाहाहा हमेशा काम के बीच में ब्रेक का इंतजार करती थी और अब काम पर वापस आने के लिए महामारी में ब्रेक का इंतजार कर रही हूं! हैशटैग दिसटूशैलपास और हम इस समय को भी पार कर लेंगे।

# सूट-सलवार में दिखा निया शर्मा का देसी अवतार











टीवी की मशहूर एक्ट्रेस निया शर्मा को आपने अक्सर बोल्ड अंदाज में देखा होगा, लेकिन इस बार निया सूट–सलवार पहने देसी अंदाज में नजर आ रही हैं। तो आइए आपको दिखाते हैं निया का ये शानदार लुक।

# तमकुही राज किला का मुख्य द्वार है ऐतिहासिक

**– यह धरोहर तमकुही राज के नाम से जाना जाता है**
**– स्वर्गीय राजा इंद्रजीत प्रताप बहादुर साहिब की धरोहर, बदहाली का शिकार**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। कुशीनगर जनपद की तमकुही राज तहसील स्थित तमकुहीराज का किला धरोहर है ,जो स्वर्गीय राजा फतेह बहादुर शाही के नाम प्रसिद्ध है। इसके गौरव गाथा ऐतिहासिक है, इनके पूर्वज स्वर्गीय राजा इंद्रजीत प्रताप बहादुर साहिब कि यह किला धरोहर थी इन के 4 पुत्र थे सबको अलग–अलग राजपाट देकर सन्यासी का जीवन व्यतीत करते हुए मन में बैराग उत्पन्न हो गया भगवान की सेवा के लिए वाराणसी में लीन हो गए। इतिहास साक्षी है स्वर्गीय राजा फतेह बहादुर साहिब का राज प्राचीन काल में मयूर की राजधानी सारण जिला के हुसेपुर (बिहार) स्टेट से शुरू होती है। लगभग 115 वर्ष पूर्व ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत में साम्राज्य था अंग्रेज शासक राजा महाराजाओं से कर( टैक्स) वसूली करने लगे तो राजा फतेह बहादुर साहिब यह पसंद नहीं आया। बिहार से लेकर बंगाल तक की रियासतों को अंग्रेजों को टैक्स देने से मना कर दिया। इस बात को लेकर अंग्रेज काफी नाराज हो गए तथा अपने सैनिकों को लेकर हुसेपुर रियासत पर युद्ध के लिए चढ़ाई कर दी।




राजा साहब ने रियासत छोड़कर प्लामू के जोगनी जंगलों में चले गए उसके बाद अपने पूर्वजों की धरोहर तमकुही राज स्टेट को अपना राजधानी बना लिया तथा यहां रहने लगे स्टेट की सुरक्षा के लिए चारों तरफ से ऊंची दीवारें खड़ा करवा दी गई तथा यह गेट ऐसा बनाया गया की हाथी पर चढ़कर आने जाने में राजा साहब को सर न झुकाना पड़े। आज भी तमकुही रियासत का मुख्य द्वार दिखाई दे रहा है।

इस प्राचीन किला को देखने के लिए पहले दूर–दूर से ग्रामीण आते थे बताते चलें कि तमकुही राज रियासत की छावनी वाराणसी में भी थी और है भी जहां पर राजा साहब आते जाते थे, अंग्रेजों को किसी तरह से पता लग गया कि राजा तमकुही वाराणसी आ रहे हैं अंग्रेजों ने पूरी छावनी को घेरकर सैनिक छावनी में तब्दील कर दिया तथा युद्ध के लिए ललकार ने लगे राजा भी किसी से कम नहीं किसी से नहीं डरते थे अपने मान सम्मान को बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजों से युद्ध किया । राजा साहब के जमाने में महल में न्यायिक कोर्ट लगता था यहां दशहरा का ऐतिहासिक मेला होता था मेले के दिन राजा साहब हाथी के हौदे पर सवार होकर अपनी जनता से मिलने के लिए इसी ऐतिहासिक धरोहर गेट से निकलते थे तथा नींल उड़ा कर रावण का पुतला जलाकर दशहरा मेला की शुरुआत किया करते थे।। यह मेला महीनों दिन चलता था ।राजा साहब शिक्षा के लिए फतेह मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज के साथ ही अन्य विद्यालय खुलवाएं बच्चों को जबरदस्ती पकड़वा कर विद्यालयों में दाखिला कर आते थे भोजन खिलाते थे साथ ही खेल जगत में पहलवानों की कुश्ती के शौकीन थे इनके जमाने में बांके बिहारी लाल नाम के एक व्यक्ति हुआ करते थे, जो बहुत छोटे कद के थे, राजा साहब उनको बहुत मानते थे बांके बाबू नाम से पुकारते थे ,और कुश्ती के दंगल में अखाड़े पर पहलवानों का जोड़ मिलाने के लिए उनको भेजा करते थे साथ ही फुटबॉल के बहुत बड़े शौकीन थे क्रीडा क्षेत्र में उन्होंने जहां पर तहसील आवासी परिसर है वहां बहुत बड़ा फुटबॉल मैदान था जिसमें देश विदेश के फुटबॉल खिलाड़ी अपनी कला का प्रदर्शन करते थे आज फतेह मेमोरियल इंटरमीडिएट कालेज पर तमकुही राज निवासी भीम प्रसाद गुप्ता जो इस समय जिला फुटबॉल संघ के महामंत्री पद पर कार्यरत हैं, उनके द्वारा राजा साहब के नाम पर प्रत्येक वर्ष फुटबॉल ऑल इंडिया, प्रतियोगिता कराई जाती है जिसमें जाने–माने दैनिक जागरण के तमकुहीराज के पत्रकार ओमप्रकाश सिंह की अग्रणी भूमिका रहती हैं। यह सारी बातें रहते हुए भी राजा साहब के उत्तराधिकारी राजा साहब की धरोहर इस गेट की आज तक कोई मरम्मत नहीं करा पाए हैं नहीं इसकी सफाई रंगाई पुताई ही कराई गई है, जबकि इसी ऐतिहासिक गेट से होकर अपने हवेली में उनके उत्तराधिकारी आते जाते हैं ।इसकी सफाई के लिए नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अंबरीश सिंह के द्वारा सफाई कर्मियों को लगाकर सफाई कराई जाती है ,आज भी सड़क से गेट के अंदर होते हुए महल तक जाने का कच्चा मार्ग है, राजा साहब के जमाने में सुर्खी चुना से बनाए गए सड़क सदियों बाद उखड़ कर खत्म हो गया। किसी उत्तराधिकारी ने इस सड़क को बनवाने के लिए जहमत तक नहीं उठाई ।यहां का ऐतिहासिक किला जो राजा रानी के नाम से लोग देखने आते थे वह धारा सा ही हो गया अवशेष बचे हैं वर्तमान समय में स्वर्गीय राजा साहब के ,उत्तराधिकारी के रूप में समाज की सेवा में उतरे राजा महेश्वर प्रताप शाही अपने भाइयों में बटवारा करने के बाद राजा साहब के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। जिनका सहयोग पत्रकार ओमप्रकाश सिंह लगातार कर रहे हैं, परंतु बड़ी ही दुख की बात है कि जो धरोहर बची हैं जो तमकुही की शान आन बान है गेट, उसकी मरम्मत कराई जाए उसको जितना सुंदर से सुंदर सजाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी अभी इस धरोहर को देखकर देखती रह जाए तथा स्वर्गीय राजा फतेह बहादुर शाही का उनके हृदय में भी बस हो धन्यवाद।

2 गज की दूरी मास्क है जरूरी।

काश नगर पंचायत की निगाहें तमकुही राज की ऐतिहासिक धरोहर तिलहर के गेट पर पड़ जाती जो सीधे नगर पंचायत कार्यालय सामने स्थित है नगर पंचायत कार्यालय का विगत माह उद्घाटन माननीय सांसद देवरिया द्वारा जिस समय किया जा रहा था उस समय की राजा साहब की चर्चा गुड़गांन मंच पर हो रहा था। नगर पंचायत में चारों तरफ विकास के कार्य हो रहे हैं वही अगर यहां के लोगों की इच्छा के अनुसार नगर पंचायत द्वारा इस गेट के मरम्मत रंगाई बताएं करा दी जाती है तो इस नगर की सुंदरता इस नगर को शुरू शोभित करने लगेगी।

# कोविड के संभावित तीसरी लहर के दृष्टिगत आंगनबाड़ी कार्यकर्तिया अपने जिम्मेदारी का करें निर्वहन:डीएम

राजू प्रसाद श्रीवास्तव

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो– लखनऊ। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया है कि कोविड–19 कोरोना वायरस का संक्रमण वर्तमान में तेजी से फैल रहा है, जिसके विरुद्ध लड़ाई में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री फ्रण्ट लाईन कार्यकर्ता के रूप में अपने दायित्वों का भली निर्वहन कर रही है। वर्तमान में वैज्ञानिकों एंव अन्य स्पेशलिस्ट के द्वारा कोरोना महामारी की तीसरी लहर की सम्भावना व्यक्त की जा रही है एवं यह भी सचेत किया जा रहा है कि आने वाली तीसरी लहर में ज्यादातर बच्चे प्रभावित होगें। इन बच्चों में भी कम इम्युनिटी वाले बच्चों को संक्रमित होने की सम्भावना ज्यादा है। इस हेतु यह आवश्यक होगा कि ऐसे बच्चों के प्रतिरोधक क्षमता में विकास के लिये सतत प्रयास किया जाय साथ ही इनके माता–पिता जिनके माध्यम से इन बच्चों में संक्रमण बढ़ने की सम्भावना ज्यादा हो सकती है उनका अनिवार्य रूप से टीकाकरण करा लिया जाय, जिससे इन बच्चों में संक्रमण की सम्भावना कम रहे अथवा न रहे। इस सम्बन्ध में ऐसे बच्चे जिनका पोषण स्तर लाल सैम मैम श्रेणी का है उनका लाईन लिस्टिंग पूर्व से ही बाल विकास विभाग के पास उपलब्ध है, सर्व प्रथम उन बच्चों के माता–पिता जो 45 आयुवर्ग के हैं उनका शीघ्रातिशीघ्र टीकाकरण करा लिया जाय व अवशेष बच्चों के अभिभावकों का एक सप्ताह के अन्दर आशा एवं आंगनबाड़ी के संयुक्त टीम से सर्वे कराकर निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलब्ध करायी जाय। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से नजदीकी सहज जन सेवा केन्द्रों पर इनका रजिस्ट्रेशन कराते हुए टीकाकरण भी कराया जाय। जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में निर्देश दिये है कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा के साथ अपने सर्वे क्षेत्र में भ्रमण करें, भ्रमण के दौरान कोविड 19 प्रोटोकाल का अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाय, समस्त 0–6 वर्ष के बच्चों का वजन, लम्बाई करेगी एवं ग्रोथ चार्ट पर इसकी प्लाटिंग करते हुए अतिकुपोषित (लाल श्रेणी) सैम व मैम बच्चों को चिन्हांकित कर उनकी सूचना तैयार करेंगी। अतिकुपोषित (लाल श्रेणी) सैम व मैम बच्चों के परिवार में ऐसे अभिभावक जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक है, के वैक्सिनेशन के बारे में सूचना तैयार करेगी जिससे ऐसे अभिभावक जिनका वैक्सिनेशन न हुआ हो उनका रजिस्ट्रेशन नजदीकी सहज जनसेवा केन्द्र पर कराया जायेगा एवं अन्य जानकारी प्राप्त की जायेगी। अतिकुपोषित (लाल श्रेणी) सैम व मैम बच्चों के परिवार में ऐसे व्यक्ति जिनको कोविड के प्रारम्भिक लक्षण दिखाई दे रहे हों उनकी सूचना आंगनबाड़ी कार्यकत्री बनायेगी एवं तत्काल ग्राम निगरानी समिति मुख्य सेविका व ए0एन0एम0 को सूचित करेगी। जिसके क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे सदस्यों को तत्काल बच्चों से दूरी बनाये रखने एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जायेगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा बनायी गयी सूची को सम्बन्धित मुख्य सेविका व ए०एन०एम० को प्राप्त कराया जायेगा, जिसके सापेक्ष त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चों के पोषण स्तर सुधार, परिवार के सदस्यों के टीकाकरण तथा बच्चों को कोविड–19 के लक्षण वाले सदस्यों से दूरी बनाये रखने एवं घर के सदस्यों का मास्क आदि का प्रयोग करने के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। मुख्य सेविका तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा नियमित पर्यवेक्षण किया जायेगा एवं बच्चों को निर्धारित मात्रा द्य पोषाहार उपलब्ध हो रहा है या नहीं यह सुनिश्चित किया जायेगा, साथ ही साथ यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जायेगा कि कोई भी अतिकुपोषित ध् कुपोषित ध् सैमध् मैम बच्चा पोषाहार प्राप्ति से बंचित न रहे है। इस सम्बन्ध में बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र प्राप्त कराया जायेगा कि उनकी परियोजना का कोई भी अतिकुपोषित ध् कुपोषित ध् सेमध् मैमध् बच्चा विभागीय पोषाहार से वंचित न रहे ऐसे बच्चों की एक सूची प्रत्येक ए०एन०एम०, मुख्य सेविका, बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी के पास उपलब्ध रहनी अनिवार्य है ।बच्चों का चिन्हांकन हो जाने के बाद आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री की संयुक्त टीम द्वारा प्रत्येक 02–03 दिन के अन्तराल पर गृह भ्रमण करते रहा जाय एवं कोई भी प्रतिकूल स्थिति की सूचना होने पर तत्काल ग्राम निगरानी समिति ध् मुख्य सेविका ए०एन०एम० को सूचित कर दिया जाय। बाल विकास परियोजना अधिकारी अपने परियोजनान्तर्गत समस्त आंगनबाडी कार्यकत्रियों के सापेक्ष प्रभारी चिकित्साधिकारी से मास्क व सैनिटाईजर की मांग प्रस्तुत करेगें जिसे सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा तत्काल उपलब्ध कराया जायेगा जिसका प्रयोग आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा भ्रमण के समय किया जायेगा। भ्रमण करते हुए सोशल डिस्टेन्सिग व कोविड–19 के प्रोटोकॉल का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इस हेतु उपरोक्त प्रारूप पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गुगल शीट उपलब्ध करायी जायेगी जिसे आंगनबाडी कार्यकत्री व मुख्य सेविकाओं द्वारा भरा जायेगा। प्रतिदिन की रिपोर्टिंग के सम्बन्ध में सायं को जूम मिटिंग में मेरे द्वारा इसकी समीक्षा की जायेगी। यह कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है तथा कोविड–19 संक्रमण से सम्बन्धित है। इस सम्बन्ध में यदि किसी भी कार्मिक द्वारा कोई भी लापरवाही पायी जाती है तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

अमिट रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। काम आंध युवक हैवानियत पर उतरा 10 वर्षीय बच्ची का मुंह दबा कर उसके साथ किया दुष्कर्म वह चिल्लाती रही पर नहीं पसीजा उसका दिल ,थाने में दी तहरीर। थाना महेशगंज के एक गांव में बीते सोमवार की रात 8रू00 बजे 10 वर्षीय बच्ची अकेली घर में थी उसकी मां उसके भाई को बुलाने चली गई थी अकेली लड़की देख कर गांव का ही एक युवक घर में घुसकर बच्ची के साथ किया दुष्कर्म जब उसकी ध्मां ध्घर वापस ध्आईध तो रोने की आवाज सुनकर अंदर आए तो देखी बेटी खून से लथपथ थी मां ने थाने में नाम जद तहरीर दी।

## युवती को प्रेम जाल में फंसा कर 2 साल तक उसके साथ किया दुष्कर्म अब शादी करनेम से किया इंकार

अमिट रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़ । मोबाइल से लड़की और लड़के में हो गया प्रेम, प्रेम के दीवाने ने लड़की को शादी का झांसा देकर 2 साल उसके साथ किया दुष्कर्म इस दौरान एक बच्ची भी पैदा हुई अब शादी करने से किया इनकार। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मझौली गांव निवासी प्रदीप कुमार ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर जनपद सुल्तानपुर थाना लम्भुआ के एक गांव की एक युवती को साथ लेकर दिल्ली चला गया साथ 2 साल तक उसके साथ बराबर शारीरिक संबंध बनाता रहा इसी बीच उससे एक बच्ची भी पैदा हुई अब युवती से मन भर गयाध तो उसे लाकर के मायके मे छोड़ दिया और कहां की तुम्हें महीने बाद घरध ले चलूंगा एक माह से अधिक बीत जाने पर आज महिला उसके घर आ धमकी उसने उसेसे शादी करने से किया इनकार करते हुए घर भगाया कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग ।

## थाना सिकरीगंज – मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। थाना सिकरीगंज , मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में अभियुक्तगण दयाराम गुप्ता पुत्र दुक्खी ,.राजू गुप्ता मुनीब गुप्ता ,धनपति गुप्ता पुत्रगण दयाराम गुप्ता निवासीगण भिटहा कुवर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। ' पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0' 68ध्21 धारा की 147,149,323,504,506,307 भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट में विधिक कार्यवाही की गई है।

# कुंडा के सचिन मिश्रा की हत्या से ब्राह्मण वर्ग नाराज, जताया आक्रोश

**– अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद ने सरकार से 50,00,000 रु. की आर्थिक सहायता की किया मांग**

अमिट रेखा अमरजीत शर्मा।

प्रतापगढ़ । देश में ब्राह्मणों की हो रही हत्याओं पर विभिन्न ब्राह्मण संगठनों में बड़ा आक्रोश दिखाई पड़ रहा है। अभी हाल में जनपद प्रतापगढ़ के कुंडा तहसील के ग्राम पीरानगर निवासी लगभग 22 वर्षीय होनहार सचिन मिश्रा उर्फ आशू मिश्रा की निर्मम हत्या कर दी गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सचिन मिश्रा एक तेजतर्रार अन्याय के खिलाफ बुलंद आवाज करने वाला नवयुवक था। अभी कुछ दिनों पूर्व संपन्न हुए पंचायत चुनाव के दौरान प्रधान पद के एक प्रत्याशी के अन्याय के विरुद्ध सचिन मिश्रा ने संघर्ष करने का ऐलान किया था। उसकी अन्यायियों से कुछ कहासुनी भी हुई थी, जिसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को रही है। पुलिस ने मध्यस्थता करके मामले को दबा दिया था। प्रधान पद के एक प्रत्याशी के लड़के व सहयोगियों की ओर से सचिन मिश्रा को देख लेने की धमकी दी गई थी। उसे क्या पता था कि अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की सजा मौत तक पहुंच जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार सचिन मिश्रा जनपद प्रयागराज के थाना नवाबगंज के सीमांतर्गत ग्राम बरईपुर रामनगर में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था और रात में मोटरसाइकिल से अपने एक साथी के साथ बारात से वापस आ रहा था। वह लखनऊ राजमार्ग पर प्रयागराज प्रतापगढ़ सीमा स्थित पलए गांव के सामने पहुंचा ही था कि पहले से घात लगाए बैठे कार से आए अपराधियों ने सचिन मिश्रा को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। हल्ला गुहार पर मौके पर पहुंचे गांव के हरीलाल पटेल को भी गोली मारी गई, जिसे स्वरूप रानी हॉस्पिटल प्रयागराज इलाज हेतु पहुंचाया गया। होनहार व तेजतर्रार संघर्षशील सचिन मिश्रा की मौत का समाचार सुनने पर कुण्डा क्षेत्र सहित जनपद प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश व देश के कोने कोने के विभिन्न ब्राह्मण संगठनों में भयंकर आक्रोश उत्पन्न हो गया है। अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद आए दिन ब्राह्मणों की हो रही हत्याओं से आहत है। सचिन मिश्रा उर्फ आशू मिश्रा की हत्या से उद्वेलित विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के साथ अपनी आवाज को बुलंद करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद इस निर्मम हत्या की घोर निंदा करता है ।शोक संवेदना प्रकट करते हुए संगठन उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करता है कि सचिन मिश्रा के परिजनों को कम से कम 50,00,000 ( पचास लाख रूपये ) की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए, तथा उसके परिजनों को सुरक्षा प्रदान करते हुए इस निर्मम हत्या के अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करके जेल की सलाखों में डाला जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में कोई कसर न उठा रखी जाए। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सिद्धि नाथ शुक्ला, संरक्षक शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर मत्स्येंद्र प्रभाकर, प्रदेश संयोजक डॉक्टर शक्ति कुमार पांडेय, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष परशुराम उपाध्याय सुमन, ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास, राष्ट्रीय महामंत्री योगेश शुक्ल किसान, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश संभव, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, बिधिदेव शुक्ल, अयोध्या प्रसाद तिवारी, दिवाकर दिग्गज, हौंसिला प्रसाद ओझा, गिरजा शंकर पांडेय सहित प्रतापगढ़ जनपद के संरक्षक राधेश्याम शुक्ल, रामकृष्ण मिश्र, मनोकानिका उपाध्याय, जिलाध्यक्ष इंजीनियर ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू, राज किशोर त्रिपाठी, शेषमणि मिश्र, राजेश कुमार मिश्र, सुनील प्रभाकर, चिंतामणि पांडेय, अवधा नारायण शुक्ल वियोगी, दिनेश उपाध्याय, अनूप अनुपम, माता शरण उपाध्याय, महादेव प्रसाद मिश्र बमबम, उमापति मिश्र, प्रेमचंद्र मिश्र, पवन शुक्ला, इंजीनियर सुनील पांडेय, संजय शुक्ला, राजेंद्र कुमार मिश्र, राजेश कुमार पांडे, अशोक विमल, आदर्श उपाध्याय आदी, प्रेम शंकर शुक्ला आदि रहे।

## साहोपार ग्राम सभा की ग्राम प्रधान किरन शाही ने लिया अपने गोपनीयता का शपथ


अमिट रेखा दिनेश गुप्ता तहसील प्रभारी

देवरिया। आज दिन मंगलवार को भटनी ब्लाक क्षेत्र के साहोपार ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान किरन शाही पत्नी विकास शाही ने अपने ग्राम पंचायत के 15 वार्ड सदस्यों के साथ शपथ लिया ।वही ग्राम प्रधान किरन शाही ने कहा कि अपने सभी सदस्यों के साथ एवं अपने ग्राम सभा के प्रति अपने पांच साल के कार्यों को पुरी इमान्दारी और निष्ठा के साथ निभाउंगी एवं अपने ग्राम सभा की जनता से मिले आशिर्वाद को अपने ग्राम सभा के विकास कार्यों के लिये पुरे पांच साल के लिये समर्पित रहुगी और उनहो ने पद भार ग्रहण करते ही अपने सभी 15 वार्ड सदस्यों को प्रत्येक वार्ड की कार्यो का रूप रेखा तैयार करने को भी कही वही सभी वार्ड सदस्यों ने भी अपने ग्राम प्रधान के साथ इमान्दारी और निष्ठा के साथ देने की बात कही ।

## लेमनोथिरैपी कारगार साबित हो रही है कोरोना का इलाज:डॉ के के गुप्ता

अमिट रेखा – प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

कुशीनगर। कोरोना की मार गरीब परिवार को झेलना मुश्किल हो चुका है। पैसे के अभाव में इलाज नहीं कर पा रहे हैं ना ही कोई प्रतिनिधि उनका हाल चाल पूछने जा रहा है ।



सुदूर ग्रामीण इलाकों में अपना जीवन यापन करने वाले लोग बहुत मजबूर हालत में अपनी जिंदगी का गुजर बसर कर रहे हैं। राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ के संरक्षक डॉ के के गुप्ता घूम घूम कर अतिपिछड़ों इलाको में जाकर उनका हाल चाल पूछ रहे है और ओटीसी दवा देकर उनको निम्बू का प्रयोग करने के लिए बोला जा रहा है ।डॉ के के गुप्ता ने बताया कि नीबू में ए, बी और सी विटामिनों की भरपूर मात्रा में पाया जाता है ।विटामिन ए अगर एक भाग है तो विटामिन बी दो भाग और विटामिन सी तीन भाग। इसमें पोटेशियम, लोहा, सोडियम, मैगनेशियम, तांबा, फास्फोरस और क्लोरीन तत्त्व तो हैं ही, प्रोटीन, वसा और कार्बोज भी पर्याप्त मात्रा में हैं ।विटामिन सी से भरपूर नीबू शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही एंटी आक्सीडेंट का काम भी करता है और कोलेस्ट्राल भी कम करता है। नीबू में मौजूद विटामिन सी और पोटेशियम घुलनशील होते हैं, जिसके कारण ज्यादा मात्रा में इसका सेवन भी नुकसानदायक नहीं होता। इसलिए कोरोना को ठीक करने में इसका प्रभाव ज्यादा है साथ मे रक्ताल्पता से पीडिध्त मरीजों को भी नीबू के रस के सेवन से फायदा होता है। यही नहीं, नीबू का सेवन करने वाले लोग जुकाम से भी दूर रहते हैं। एक नीबू दिन भर की विटामिन सी की जरूरत पूरी कर देता है। नीबू के कुछ घरेलू प्रयोगों पर लगभग हर भारतीय का विश्वास हैं ।डॉ के के गुप्ता का कहना है कि दिन भर तरोताजा रहने और स्फूर्ति बनाए रखने के लिए एक गिलास गुनगुने पानी में एक नीबू का रस व एक चम्मच शहद मिलाकर पीना चाहिए। एक बाल्टी पानी में एक नीबू के रस को मिलाकर गर्मियों में नहाने से दिनभर ताजगी बनी रहती है। गर्मी के मौसम में हैजे से बचने के लिए नीबू को प्याज व पुदीने के साथ मिलाकर सेवन करना चाहिए। लू से बचाव के लिए नीबू को काले नमक वाले पानी में मिलाकर पीने से दोपहर में बाहर रहने पर भी लू नहीं लगती। इसके अलावा इसमें विटामिन ए, सेलेनियम और जिंक भी होता है। सुबह खाली पेट एक गिलास पानी में नींबू का रस मिला कर पीने से वजन काम करने और पेट साफ रखने मे मदद मिलती है ।इस पूरे मुहिम में डॉ के के गुप्ता के अगुवाई में कोरोना प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए धुरेन्द्र , विनोद , सामन्त ,अजय, भोला ,कृष्णा,संदीप राहुल , अजय देहाती, सत्यप्रकाश, बृजेश गुप्ता, सिसवा बाजार से मनोज सिंह,अंकित पाठकजी, श्यामू , डॉ रविन्द्र , श्रवण समेत सैकडों सेवक उपस्थित रहते हैं।

## जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

अमिट रेखा – कुशीनगर। जनपद में चलाए जा रहे अपराधा व अपराधियों की अंकुश लगने के क्रम में थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा कप्तानगंज रेलवे स्टेशन के पास से सात अभियुक्तों क्रमशः 1 भरत साहनी पुत्र वासुदेव साहनी 2 अवधेश साहनी पुत्र भरत साहनी 3 आकाश चौरसिया पुत्र राशमुनि 4 दुर्गेश साहनी पुत्र भरत साहनी 5 श्याम भजन साहनी पुत्र भरत साहनी 6 सुरेंद्र यादव पुत्र राम भवन यादव 7 मोहन राय पुत्र रामायण राय को अंतर्गत मुकदमा अपराध संख्या 153 ध 2021 धारा 147ध149 ध 323 ध333ध 353ध 188 भा द वि व 7 एल ए एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक कपिल देव चौधरी उप निरीक्षक धर्मदेव चौधरी हेड कांस्टेबल बिजली सिंह हेड कांस्टेबल सुनील सिंह हेड कांस्टेबल कमलेश यादव हेड कांस्टेबल राम भवन यादव कांस्टेबल विवेक यादव

**थाना नेबुआ नौरंगिया**

थाना नेबुआ नौरंगिया पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों एक रणजीत चौहान पुत्र उग्रह उर्फ उगर साकिब दुबौली बाढ़का टोला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर दूसरा उगर उर्फ उग्रह पुत्र शिव वचन साकिन दुबौली बड़का टोला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर व एक अन्य अभियुक्तों को अभियुक्त को अंतर्गत मुकदमा अपराध संख्या 169 ध 20 धारा 198 320 भादवी व 3ध4 पीसी एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**थाना रामकोला**

थाना रामकोला पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त प्रदीप चौधरी उर्फ लल्लू पुत्र जगन्नाथ साकिब रामपुर बुजुर्ग थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को विस्तार कर के कब्जे से एक आदत अवैध चाकू बरामद कर अंतर्गत मुकदमा अपराध संख्या 168ध 21 धारा 4 ध25 आर्म्स एक्ट में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गन्ने के खेत मे मृत मिले युवक की हुई शिनाख्त

**– हत्या के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है पुलिस**

अमिट रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। जनपद के नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के नौरंगिया के नौका टोला के समीप चितहा माईनर नहर किनारे गन्ने के खेत मे सोमवार को मिले शव की पहचान बगल के गांव निवासी मृतक के परिजनों ने करते हुए थाने पहुंच कागजी कार्यवाही को पूर्ण किया। ज्ञात हो कि सोमवार सुबह 10बजे के करीब खेत की ओर गए ग्रामीणों ने नौकाटोला के समीप चितहा माइनर के किनारे स्थित गन्ने के खेत मे शव देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त की कोशिश किया सफलता न मिलने पर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इधर मृतक के परिजन उसकी खोज खबर में व्यस्त थे, शव की जानकारी पर पहले तो कई दिनों का शव होने की वजह से पहचान नहीं पाये परंतु मर्चरी हाउस पहुँचने पर उसकी पहचान सन्नी (17वर्ष) पुत्र शिवशंकर गुप्ता निवासी मन्शा छपरा के रूप में करते हुए थाने पहुंच आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण करते हुवे शव को लाने हेतु परीक्षण गृह रवाना हो गए ।नेबुआ नौरंगिया के नवागत थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि शव की पहचान हो गई है। मृत्यु के कारणों के संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है।

# जनपद में जगह जगह ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा ली गोपनीयता की शपथ

**– कई जगह वृक्षारोपण करा कर ली गई गोपनीयता की शपथ**

अमित रेखा – प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

कुशीनगर। जिलाधिकारी कुशीनगर के आदेशानुसार 25 मई को ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व सदस्यगण को विकास खंड अधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शपथ दिलाई गई।

'हमारे तमकुहीराज प्रतिनिधि कृष्णा यादव'

के अनुसार विकासखंड सेवरही कोईन्दी बरियारपुर में ग्राम प्रधान राजमती देवी ने निर्वाचित सदस्यों के साथ शपथ ग्रहण किया शादी समारोह में सदस्यों के साथ कोविड–19 का पालन करते हुए पंचायत भवन परिसर में पीपल का वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संतुलित करने का काम करते हुए कहा कि मैं गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित हूं। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि गोविंद प्रसाद क्षेत्र पंचायत सदस्य अमरल्ली मियां विनय मिश्रा सतीश बारी आफताब आलम फिरोज आलम बब्बन प्रसाद सत्य प्रकाश मिश्रा बलदेव प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे इसी क्रम में तमकुही राज विकासखंड के ग्राम सभा मोरवन (मठिया खुर्द) में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ विकास खंड अधिकारी द्वारा ऑनलाइन शपथ ग्रहण समारोह में ग्राम प्रधान उमेश कुशवाहा सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर रोजगार सेवक जयप्रकाश रावत सदस्य



नागेंद्र कुशवाहा सुनैना देवी काशी धन खातून जमुना प्रसाद विश्वनाथ चौहान रामा शंकर कुशवाहा बबीता रावत मैनुद्दीन अंसारी बशीर अहमद सकीना खातून शंभू शर्मा दीनानाथ आज सभी सदस्य उपस्थित रहे।

'हमारे नेबुआ नौरंगिया प्रतिनिधि अजय तिवारी'

के अनुसार के अनुसार

'लक्ष्मीपुर को बनाऊंगा आदर्श ग्रामसभा:धीरज तिवारी'

वृक्षारोपड़ करके प्रकृति संरक्षण का दिया सन्देश,

नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान और सदस्यों ने एक साथ लिया सपथ,

नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के ग्राम सभा के लक्ष्मीपुर के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान और पंचायत सदस्यों ने मंगलवार को एक सादे समारोह में ग्राम पंचायत सचिव हृदयनरायन ने पंचायत भवन में शपथ दिलाई। कोरोना संक्रमण को देखते हुए पूरा कार्यक्रम वर्चुअल रूप से किया गया। क्योकि सरकार की ओर से शपथ ग्रहण समारोह में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का सख्त हिदायत दिया गया था। कोविड–19 के चलते बड़ी संख्या में ब्लॉक पर शपथ समारोह कराना संभव नहीं था, इसलिए शासन ने वर्चुअल माध्यम से शपथ दिलाये जाने का निर्णय लिया। सपथ ग्रहण समारोह के बाद उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुवे नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान धीरज तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायत का सर्वांगिण और समुचित विकास हो यही मेरा प्रथम लक्ष्य है। प्राथमिकता के आधार पर हर जरूरतमंद को उसको सरकारी सुविधाओ का लाभ दिया जायेगा, तथा कोई भी पात्र किसी भी लाभ से वंचित नही रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत सदस्य भी अपने अधिकारों का प्रयोग करे और कोई भी अपने आपको उपेक्षित न समझे। सबको एक समान का दर्जा और सम्मान दिया जाएगा। पंचायत भवन पर प्रत्येक है एक सदस्य सुबह से लेकर शाम तक बैठा रहेगा, जो ग्राम वासियो की समस्या और उनकी शिकायत को सुनकर रजिस्टर में दर्ज करेगा। और उसके उस समस्या या शिकायत को प्राथमिकता तथा गुण और दोषों के आधार पर समाधान किया जायेगा। ग्रामीण भयमुक्त होकर अपनी समस्याओं को हमारे समक्ष रखे। मेरा यही प्रयास रहेगा कि प्रत्येक समस्याओं का समाधान पंचायत के माध्यम से ही ग्रामसभा में हो, जिससे ग्रामीण की अनावश्यक भाग दौड़ और कानूनी दांव पेंच से भी बच सके।

उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, बीडीसी सदस्यों और युवाओ से ग्राम पंचायत के विकास में अपना भी अहम योग्यदान देने का अपील किया है। कार्यक्रम के समापन में पंचायत भवन परिसर के अंदर ही ग्राम प्रधान ने सदस्यों संग वृक्षारोपड़ करके प्रकृति संरक्षण का सन्देस दिया और उन्होंने ग्रामीणों से भी अधिक से अधिक पेड़ पौधों को लगाने का आवाहन किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सहित 12सदस्यों ने सामूहिक रूप से सपथ लिया।

इस कार्यक्रम में सम्भव मिश्र, आनंद शर्मा, धनन्जय गुप्ता, भगवंत भारती, महेंद्र प्रसाद, डॉ० विनोद गौतम, दीपक मधेसिया, रामधनी प्रसाद, विवेक तिवारी, राकेश कुमार, वकील राजभर, बृजेश गुप्ता और रमाकांत राजभर सहित अनेको लोग उपस्थित रहे।

'हमारे पटहेरवा प्रतिनिधि जावेद अख्तर'

के अनुसार

विकास खंड तमकुही राज के ग्राम पंचायत करमैनी मोगलपुरा सिंदुरिया बुजुर्ग में शपथ ग्रहण में

खण्ड विकास तमकुही राज के ग्राम पंचायत करमैनी सिंदुरिया बुजुर्ग मोगलपुरा आदि में ऑनलाइन शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमे खण्ड विकास अधिकारी ६ सहायक विकास अधिकारी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ग्राम प्रधान व सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया गया कोरोना के कारण ग्राम सभा के लोगो द्वारा कोरोना प्रोटोकोल के गाइड लाइंस को ध्यान में रखते हुवे सोसल डिस्टेंस का पालन किया गया जिसमें ग्राम प्रधान तथा सदस्यों द्वारा कोई लापरवाही देखने को नहीं मिली शपथ ग्रहण समारोह में करमैनी में उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी सतीश सिंह ग्राम प्रधान जुल्फकार अली एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जावेद अख्तर तथा ग्राम रोजगार सेवक फिरोज अहमद,1अली हुसेन (सदस्य) 2 शुशीला देवी (सदस्य)3शकीला खातुन (सदस्य) कुरैशुन नेश (सदस्य)5 रिक्त 6 मंसुर अली (सदस्य) 7 वैरिस्टर प्रसाद (सदस्य)8 रिक्त 9 दुर्गावती देवी (सदस्य)10 रेयाजुल हक (सदस्य)11 नूरजहां 12 मैरूल नेशा (सदस्य) 13हसनतारा सदस्य,14 सैदुल्लाह (सदस्य) 15, सजरून नेशा(सदस्य) आदि रहे वही मोगलपुरा गांव में ग्राम प्रधान अब्बास अंसारी एव सदस्यों का शपथ समारोह में ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रफीक अली, रोजगार सेवक मैंनेजर अंसारी एव ग्राम पंचायत सदस्य गड़ मंसूर अली नौसाद अहमद सुखल अब्दुल अली पूनम देवी यशपाल आर्य उमेश पटेल जलेमुन नेसा जुबेर आलम रफीक अली गुलाब हुसैन इबरार अंसारी चन्दन गोंड़ बशीर ग्यासुद्दीन हल्ला चौहान आदि ग्राम वासी मौजूद रहे।

'हमारे जंगल नौगांवा प्रतिनिधि अरविंद कुमार तर्कसिंल'

के अनुसार

नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान व पंचायत सदस्यों को वर्चुअल वीडियोग्राफी के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया

दुदही विकास खंड के विभिन्न गांवो में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज मंगलवार के दिन नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बैकुंठपुर कोठी से नूर आलम अंसारी ,कोकील पट्टी से नुरुल होदा अंसारी ,नरहवा अचरज दुबे से रिंकी देवी पत्नी सोनू जायसवाल, जंगल नौगांवा से राबड़ी देवी पत्नी खोभारी कुशवाहा, जंगल लुअठहा से प्रभावती देवी पत्नी शंकर प्रसाद, आरती देवी पत्नी अजय यादव, ग्राम प्रधान ने शपथ लिया ।तथा नवनिर्वाचित प्रधान व सदस्यों को वर्चुअल वीडियोग्राफी के जरिए वीडियो संदीप सिंह ने शपथ ग्रहण कराया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शपथ पत्र को इकट्ठा अग्रीम करवाई किया। ग्राम प्रधान नूर आलम अंसारी ने शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहां की गांव की जनता ने हमें वोट देकर जिताया है।वही गांव में विकास कराने की चर्चा की गई। इस दौरान लक्ष्मण प्रसाद, नंदलाल पटेल, लालजी गौड़ ,संतोष मदेशिया, रमेश गुप्ता, इदरीश अंसारी ,मंजीव प्रसाद ,हीरा गुप्ता,जितेन्द्र मदेशिया, गुडडू ,सन्दीप मदेशिया,सुरेश गुप्ता, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

'हमारे गुरवलिया प्रतिनिधि हरेंद्र पाल'

के अनुसार

दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत गुरवलिया में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान व सदस्यों का शपथग्रहण समारोह सामाजिक दूरी के साथ सम्पन्न हुआ

दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत गुरवलिया में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान व वार्ड सदस्यों का समाजिक दूरी का पालन करने के साथ शपथग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ

मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राधेश्याम पांडेय ने नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान एवं वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाते हुए, कार्यक्रम को संबोधित किया श्री पांडेय कहा की भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के क्रम में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह कराया जाता है, जिसमें विधि सम्मत व न्याय सम्मत कार्यों का प्रावधान है, उन्होंने सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए द्य कहा कि सभी लोग सरकार के मंशा अनुसार समानुपाती दृष्टिकोण से भेदभाव भुलाकर विकास कार्य करेंद्य यही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान, है

इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती परमेश्वरी देवी,पत्नी सत्यनारायण गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी राम आशीष कुशवाहा, पूर्व ग्राम प्रधान जयंत कुमार शाही,सीतापुर आई केयर गुरवलिया के निदेशक डा0 शेषनाथ गुप्ता, सुधीर शाही, भूतपूर्व प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण गुप्ता, जेपी गुप्ता , महेंद्र मद्दे शिया, पूजा यादव,नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय गुप्ता (कोटेदार) , मुन्ना मदेशिया ,सुभाष शर्मा, रवि पाठक, बृजेश चौधरी, लाल बचन, नूर आलम, रामकृपाल, के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रोत्साहन धनराशि न मिलने की वजह से भटनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ विरोध प्रदर्शन

अमितरेखा विनय कुमार मिश्र (ब्लॉक प्रभारी)

भटनी देवरिया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश एवं बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आव्हान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी, देवरिया पर आज एक विरोध




प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन प्रान्तीय मंत्री प्रमोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित हुआ । इस विरोध प्रदर्शन का कारण यह था कि समस्त कर्मचारियोंध अधिकारियों को मुल वेतन का 25 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन धनराशि देने का शासनादेश सरकार ने जारी किया था , जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ ,जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग के समस्त संवर्ग के कर्मचारीध अधिकारी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और यह बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के समस्त संवर्ग के कर्मचारीध्अधिकारी कोविड–19 महामारी में अपनी जान को जोखिम में डालते हुए अपनी सेवा दे रहे हैं परन्तु सरकार की अनदेखी को देखते 25 मई से काली पट्टी बांधकर और शासनदेश की प्रतियो को विरोधा स्वरुप जलाते हुए कोरोना महामारी में कार्य करेंगे। आज सीएचसी भटनी के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने यह प्रण किया कि यदि हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो वृहद रूप से आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी । आज के विरोध प्रदर्शन मे डा अनिल पाल, डा अजिज अहमद, दिग्विजय नाथ तिवारी(जिला मंत्री) रामकृष्ण यादव, डी के पाण्डेय, राकेश कुशवाहा , संजीव कुमार, वसीम अहमद, सद्दाम हुसैन, अखिलेश्वर उपाध्याय, अजय कुमार, श्याम बिहारी, उमेश कुमार आदि कर्मचारीध्अधिकारी सम्मलित रहे ।

## टीकाकरण को लेकर चिकित्सा विभाग की घोर लापरवाही

**– निर्धारित टीकाकरण स्थल पर लटका रहा ताला**

**– तमकुही राज तहसील क्षेत्र के नया प्राथमिक केंद्र बहादुरपुर में टीका लगवाने आए लोग गए वापस**

अमितरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। कोरोना की जंग जीतने के लिए




सरकार के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने से लेकर अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन करा कर सरकार का यह प्रयास है कि इस बीमारी से मुक्ति मिले, परंतु सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने वाले यदि लापरवाह होंगे ,तो योजनाओं को पलीता लगना तय है द्य हालांकि जिलाधिकारी कुशीनगर एस राज लिंगम के द्वारा नियमित समीक्षा बैठक कर पूरे जिले की कमान स्वयं संभाली गई है एवं चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव भी देखने को मिल रहा है द्य परंतु लापरवाह लोग अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे। बता दें की सूचना विभाग कुशीनगर के द्वारा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के हवाले से यह सूचना दी गई थी कि 24 मई को जनपद के 13 विकास खंडों के 26 केंद्रों पर टीकाकरण होना सुनिश्चित किया गया था, जिसमें बहादुरपुर पीएचसी पर भी टीकाकरण होना था। परंतु उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण नहीं हुआ और दिन भर ताला लटका रहा द्य परिणाम यह हुआ की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा कर पहुंचे लोग लंबे इंतजार के बाद वापस हो लिए द्य बहादुरपुर निवासी एक व्यक्ति अपनी माता बागेश्वरी शुक्ला तथा चाचा मदन शुक्ला को वैक्सीन लगवाने आए संतोष शुक्ला ने बताया की दिन भर इंतजार करने के बाद वे वापस जा रहे हैं द्यइस संदर्भ में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि उक्त केंद्र पर किसी की उपस्थिति नहीं होना ठीक नहीं है और इस प्रकार की पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं होने दी जाएगी। जबकि उक्त केंद्र के डॉ अमित राय ने कहा की उक्त सेंटर पर वैक्सीनेशन का कार्य न करके विरवट कोंहवालिया में टीकाकरण कराया गया। डॉक्टर अमित राय ने यह स्वीकार किया की उक्त पीएससी के फार्मासिस्ट जिले पर सामान लेने आए थे, एल टी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। जबकि स्वयं डॉ अमित राय की ड्यूटी जिले पर पोस्टमार्टम के लिए लगी हुई है।

ऐसे में गंभीर प्रश्न यह है कि निर्धारित टीकाकरण स्थल पर पूरे दिन ताला लटका रहे और जिम्मेदार अधिकारी को इसकी सूचना तक न हो ?

दूसरा प्रश्न यह है कि यदि टीकाकरण अधिक लोगों को करने के लिए स्थान परिवर्तित कर कहीं दूसरी जगह जाना है, तो भी इसकी सूचना ऊपर के अधिकारियों को होनी चाहिए अथवा स्थानीय स्तर पर ही इसका निर्णय कोई भी करेगा ?

और जो व्यक्ति रजिस्ट्रेशन करा कर अपनी बारी का इंतजार कर टीकाकरण कराने पहुंचा है उसके प्रति जवाबदेह कौन होगा ?

अभी भी स्वास्थ विभाग की यह लापरवाही बताती है कि लंबे समय से मनमाने ढंग से चल रही कार्यशैली इतनी आसानी से बदलने वाली नहीं है। प्रदेश और देश इस जंग को जीतने के लिए हर संभव प्रयास जरूर कर रहा है लेकिन इस प्रकार लापरवाह लोगों की जवाबदेही कौन तय करेगा ?

जिलाधिकारी महोदय इस खबर को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा प्रदान करें।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे गांव में दवा का वितरण कराइ

अमित रेखा सोनू कुमार

तरकुलवा देवरिया। तरकुलवा ब्लॉक के ग्राम सभा महुआ बसंतपुर में पिछले दिनों कोरोना के 9 मरीज मिलने के कारण



अधीक्षक डॉ अमित कुमार और हेल्थ सुपरवाइजर मुन्ना यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे गांव में दवा का वितरण कराई। सर्विलांस टीम द्वारा पूरे गांव का सर्वे कराया गया और गांव के लोगों का कैंप लगाकर कोविड–19 की जांच की गई लक्षण युक्त व्यक्तियों की जांच कराई गई और स्वास्थ्य टीम द्वारा सभी को दवा के कीट भी उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य टीम में लैब टेक्नीशियन धर्मेंद्र कुमार, सादिया बानो, प्रवीण शुक्ला, साधना पांडे, धर्मवीर पासवान, अनिल कुमार, नवीन प्रकाश, साहब जयप्रकाश यादव, आशा व आंगनबाड़ी के सहयोग से कार्य संपन्न हुआ इस बीच ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## पंडित राज मंगल पांडे नगर में नगर वासियों का थर्मल स्क्रीनिंग व मास्क सैनिटाइजर का वितरण



अमित रेखा – राज पाठक

कसया – कुशीनगर। वार्ड नंबर 8 राजमंगल पांडे नगर में थर्मल स्क्रीनिंग व मास्क,सेनिटाइजर वितरण का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें प्रमुख रूप से राज पाठक (छात्र–नेता,पत्रकार) व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिषद के कसया इकाई के नगर सह मंत्री नितेश जी व कार्यकर्ता अमन शर्मा जी व सहयोगी राज जयसवाल जी द्वारा कार्यक्रम में सफल बनाने में सहयोग किया गया बताते चले चले कि राज पाठक जी (छात्र नेता,पत्रकार) द्वारा मास्क व सेनीटाइजर वितरण का खर्च स्वयं ही उठाया गया व सभी नगर वासियों को कोरोना गाइडलाइन से अवगत कराया गया व कोरोना गाइडलाइन का पालन करने के लिए अनुरोध भी किया गया।

## सासामुसा एनएच 27 पर ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर बुआ और भतीजे की मौके पर मौत

अमित रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज से

जनपद के कुचायकोट थाना क्षेत्र के एनएच 27 पर सासामुसा बाजार के पास एक अनियंत्रित ट्रक द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से बाइक पर सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई ।मृतक रिश्ते में बुआ और भतीजा बताए जाते हैं ।घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे कुचायकोट पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया। मिली जानकारी के



अनुसार गोपालपुर थाना क्षेत्र के सुखदेव पट्टी गांव निवासी देवेंद्र पटेल के एक बेटे की सोमवार की शाम शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए देवेन्द्र पटेल की बहन और कुचायकोट थाना क्षेत्र के सिरसिया नीलामी टोला गांव निवासी शंकर प्रसाद की पत्नी शीलवंती देवी अपने मायके गई हुई थी। सुबह विदाई होकर आने के बाद देवेंद्र पटेल का पुत्र राहुल पटेल अपनी बुआ शीलवंती देवी को छोड़ने सिरिसिया गांव जा रहा था।

इस दौरान एनएच 27 पर सासामुसा बाजार के पास एक अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार बुआ भतीजे दोनों डिवाइडर पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।जब तक आसपास के लोगो के साथ स्थानीय मुखिया धर्मेंद मिश्रा उन्हें उठाकर इलाज के लिए भेजते दोनों की मौत हो गई ।घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे कुचायकोट पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया। इधर सदर अस्पताल में चिकित्सकों के हड़ताल पर चले जाने से पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को इंतजार करना पड़ा। शाम पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव परिजनों को सौंपा जा सका।

## महिला से छिनैती करने वाले दो अभियुक्त हुए गिरफ्तार

**– मामला दुदही पीएनबी से 40हजार रुपया निकाल कर पैदल जा रही महिला से**

अमित रेखा – अरविंद कुमार तर्कशील

जंगल नौगांवा – कुशीनगर। जनपद के बिशनपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैकुंठपुर कोठी गांव की एक महिला से लूट की घटना को पर्दाफाश कर दो को किया गया गिरफ्तार बीते 4 मई को बाइक सवार बदमाशों ने दिया था घटना का अंजाम बिशनपुरा पुलिस ने हुई लूट की घटना मैं शामिल दो लुटेरों को गिरफ्तार कर इनके पास से लूट की रकम बरामद किया दोनों के पास से बिना नंबर की एक बाइक भी बरामद हुई है ।अपर पुलिस अधीक्षक एपी सिंह ने बताया कि बीते 4 मई को स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव बैकुंठपुर कोठी निवासी मुन्नी मद्धेशिया जो दुदही स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 40 हजार रुपए निकालने के बाद झोला में रखकर पैदल घर जा रही थी। तभी पीछे से बड़हरा बुजुर्ग गांव के पास पीछे से



आए बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ से रुपया रखा झोला को छीन लिया ।उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस मामले में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष संजय कुमार के टीम के साथ गश्त पर थे ।सूचना मिली की क्षेत्र के गांव बड़हरा के समीप बाइक सवार दो संदीग्द मौजूद हैं। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस को देख बड़हरा पुलिया के समीप मौजूद युवक भागने लगे। पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया तलाशी के दौरान दोनों के पास से रुपया 14500 नगद तथा दो मोबाइल बरामद हुआ । अभियुक्त गण मुजफ्फर आलम पुत्र अलताफ हुसैन एवं साहब हुसैन उर्फ राजाहुसैन पुत्र मैनुद्दीन अंसारी साकिन रेड़हा थाना भितहा जनपद पश्चिमी चंपारण बिहार के रहने वाले हैं दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगें।